देश का Darpan News TV
FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:167 | जयपुर, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के 20 वर्षों के मध्यस्थता निर्णयों की होगी समीक्षा : रेखा गुप्ता

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (पीडब्ल्यूडी/आईएंडएफसी) की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है, जो लोक निर्माण विभाग और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग में पिछले 20 वर्षों में एक करोड़ रुपये एवं उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों (आर्बिटेशन अवॉर्ड) की समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इस समिति के गठन का उद्देश्य सरकार के विरुद्ध दिए गए निर्णयों की जानकारी, भुगतान की राशि और नुकसान आदि का आकलन करना है।

मुख्यमंत्री ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दी कि इस उच्चस्तरीय समिति में लेखा परीक्षा नियंत्रक को सदस्य एवं अतिरिक्त महानिदेशक (पीडब्ल्यूडी/आईएंडएफसी) को सदस्य सचिव बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पीडब्ल्यूडी एवं बाढ़ व सिंचाई नियंत्रण विभाग की आंतरिक वित्त संबंधी सहायक टीम क्रमशः (सीओए) एवं (डीसीए) के अलावा लेखा परीक्षा निदेशालय की दो लेखा परीक्षा टीमें समिति की सहायता करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह समिति दोनों विभागों में पिछले 20 वर्षों में 1 करोड़ रुपये और उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों की समीक्षा करेगी। यह समिति ऐसे निर्णयों की वर्षवार एवं निर्णयवार आंकड़े उपलब्ध कराएगी।



इनमें मध्यस्थता मामलों की कुल संख्या भी शामिल है। समिति यह भी विवरण देगी कि इन वर्षों में सरकार के खिलाफ कितने निर्णय दिए गए। इनमें भुगतान की राशि की तो जानकारी शामिल होगी ही साथ ही समिति यह भी विवरण देगी कि इन निर्णयों में सरकार को कितना नुकसान उठाना पड़ा। दोनों विभागों द्वारा संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए जाने के बाद समिति इनकी समीक्षा (ऑडिट) की प्रक्रिया शुरू कर देगी। यदि आवश्यकता हुई तो समिति की सिफारिश पर लेखा परीक्षा निदेशालय कार्य की मात्रा या अधिकता के आधार पर अतिरिक्त लेखा परीक्षा टीमें उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस समीक्षा का उद्देश्य कानूनी विवादों से होने वाले वित्तीय नुकसान की सीमा का आकलन करना और पिछले दो दशकों में सार्वजनिक धन के खर्च या नुकसान के बारे में पारदर्शिता लाना है। मुख्यमंत्री के अनुसार ऐसा देखा जा रहा है कि मध्यस्थता निर्णयों से सरकार को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि अभी हाल ही में उन्होंने बारापुला फेज-द्वद्वद्व कॉरिडोर के निर्माण में अनियमितताओं और देरी के कारण उत्पन्न मध्यस्थता मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा से कराने का आदेश दिया था। अक्टूबर 2017 में पूरी होने वाली इस परियोजना में बार-बार देरी हुई और अंततः मध्यस्थता का मामला सामने आया। यह फैसला ठेकेदार के पक्ष में आया और उसे 120 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया।

## खाई में पलटी स्कूल बस, 12 से ज्यादा बच्चे घायल, चालक पर लापरवाही का आरोप

**एजेंसी**
**हल्द्वानी ।** उत्तराखंड के हल्द्वानी के लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के बरेली रोड पर जयपुर बीसा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। निजी स्कूल की एक बस, जिसमें बच्चे सवार थे, दूसरी बस को साइड देने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बस का शीशा तोड़कर सभी बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें 12 से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बस



चालक और परिचालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसा मोटाहल्दू क्षेत्र के पदमपुर देवलिया गांव के पास हुआ, जहां बस रामपुर रोड से बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। घटनास्थल स्कूल के नजदीक होने की वजह से स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों से घायलों को हल्द्वानी के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दो स्कूल बसें चौराहे के पास साइड ले रही थीं। इस दौरान एक बस ज्यादा किनारे चली गई और खाई में पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र के अभिभावक चिंता में पड़ गए और स्कूल पहुंचकर अपने बच्चों की कुशलक्षेम पूछने लगे। ग्राम प्रधान रमेश चंद्र जोशी ने हादसे के लिए बस चालकों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि बस में करीब 40 बच्चे सवार थे, जिनमें से 12 से ज्यादा घायल हुए। प्रधान ने कहा, इस क्षेत्र के बस चालक अक्सर नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि हादसे वाली जगह पर नाला है, लेकिन शुक्र है कि नाले में पानी नहीं था, वरना कई बच्चों की जान जा सकती थी। वहीं, ग्राम प्रधान ने जिला प्रशासन पर भी निशाना साधा। उनका कहना है कि इतने बड़े हादसे के बाद भी प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों ने ही घायलों को बचाकर अस्पताल भेजा। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों ने स्कूलों में सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग उठाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गाजा में पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे



अफसोस जनक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में बुधवार को कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा , पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। भारत ने हमेशा संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की निंदा की है। हम समझते हैं कि इज़रायली अधिकारियों ने पहले ही जाँच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को गाजा पट्टी पर इजरायली हमले में पांच पत्रकारों की मौत हुई है। इसे लेकर इजरायली सेनाओं की दुनिया भर में आलोचना हो रही है।

# श्रीनगर में बाढ़ जैसी स्थिति

## ▸▸ बिजली-पानी, आवागमन और इंटरनेट पर आफत

**एजेंसी**
**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में मौसम का कहर जारी रहा है। श्री माता वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग पर अर्द्धकुंवारी में स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुए भूस्खलन से मरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 34 पहुंच गई। इनमें 11 उत्तर प्रदेश के हैं। मंगलवार देर रात तक नौ श्रद्धालुओं की मौत और 21 के घायल होने की पुष्टि हुई थी। बाद में बचाव दल को मलबे के नीचे से कई और शव मिले। तलाशी अभियान अभी भी जारी है। आशंका है कि मलबे में अभी भी कई लोग फंसे हो सकते हैं। हादसा मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे पहाड़ का हिस्सा ढहने से हुआ। इससे चट्टानें और मलबा नीचे गिरा और लोग दब गए। जम्मू में चौबीस घंटे में 380 मिमी बारिश दर्ज हुई जोकि पिछले 115 वर्षों में सबसे ज्यादा बारिश है। जम्मू संभाग में नदियों का जलस्तर घटा तो लेकर डोडा तक भारी नुकसान हुआ है। कई पुल टूटे हैं, बिजली की लाइन और मोबाइल टावर भी क्षतिग्रस्त हुए



कश्मीर संभाग में बढ़ गया। भारी बारिश के कारण बिजली-पानी, आवागमन और इंटरनेट सब पर आफत रही। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश ने कहर मचाया हुआ है, बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटना हुई हैं। जम्मू में कटरा से हैं। लगातार भारी बारिश की वजह से बाढ़ और जलजमाव के चलते अब तक तीन हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा दूसरे दिन भी बंद रखी गई। आज भी यात्रा को बहाल नहीं किया गया है। जम्मू संभाग में नदी नालों में जल स्तर घटने से राहत रही, लेकिन कश्मीर में कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति रही। कई कस्बे और गांव डूब गए हैं। श्रीनगर और अनंतनाग में झेलम उफान पर रही। कई इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

चक्की पुल पठानकोट में जमीन धंसने के कारण जम्मू से आने और जाने वाली 58 ट्रेनों को रद्द किया गया और 46 ट्रेनों निर्धारित गंतव्य से पहले ही रोक दिया गया। 18 ट्रेनों को मूल के बजाय अन्य स्टेशनों से चलाया गया। कश्मीर घाटी में रात भर भारी बारिश होने से मुख्य झेलम नदी में बुधवार सुबह अनंतनाग जिले के संगम और श्रीनगर के राम मुंशी बाग में बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गई।

## छत्तीसगढ़ के रायपुर की पहली महिला विधायक रजनी ताई उपासने का निधन

**एजेंसी**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पहली महिला विधायक रजनी ताई उपासने का आज 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से पूरे छत्तीसगढ़ में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर की पहली महिला विधायक एवं प्रख्यात पत्रकार जगदीश उपासने तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की माताजी रजनी ताई उपासने जी के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि यह समाचार अत्यंत दुःखद है। जनसेवा और समाज हित के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दुःख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवारजनों के साथ हैं।ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। रजनी ताई उपासने ने 1977 के विधानसभा चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा था। उस समय उन्होंने कांग्रेस की शारदा चरण तिवारी को मात देकर रायपुर सीट अपने नाम की थी। इस जीत के साथ ही वे रायपुर शहर की पहली महिला विधायक बनीं। राजनीति में आने से पहले से ही वे जनसंघ से जुड़ी सक्रिय कार्यकर्ता रहीं और कई आंदोलनों में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।



## पंजाब में बाढ़ : उज्ज, रावी-ब्यास और सतलुज उफनाई, गांव डूबने से हजारों लोग बेघर

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** पंजाब के आठ जिले भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। रावी दरिया में उफान के कारण पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स के चार गेट टूट गए जिससे वहां तैनात 50 कर्मचारी फंस गए। उन्हें हेलीकॉप्टर से निकाल लिया गया। वहीं, गुरदासपुर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय दबुड़ी में रात से फंसे 381 विद्यार्थियों और 70 शिक्षकों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उधर, पाकिस्तान में रावी दरिया में बाढ़ के कारण श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा व करतारपुर कॉरिडोर में पानी भर गया है। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने बताया कि पाकिस्तान से मिली जानकारी के अनुसार श्री करतारपुर साहिब के मुख्य दरबार सहित पूरे परिसर में कई फीट पानी घुस गया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान आज फिरोजपुर बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा करेंगे। मान सीमावर्ती गांव बारेके में बने राहत कैंप में लोगों से मिलेंगे और पत्रकारों से बातचीत करेंगे। वे दोपहर 12 बजे तक पहुंचेंगे। फिरोजपुर में सरहिंद नहर पर बना पुल टूट गया जिससे कई गांवों का संपर्क कट गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पठानकोट और गुरदासपुर के



बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। सीएम ने अपना हेलिकॉप्टर वहीं छोड़ दिया ताकि इसे लोगों को बचाने में इस्तेमाल किया जा सके। पंजाब में रावी, ब्यास और सतलुज नदियों में जलस्तर बढ़ने से पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर और फाजिल्का जिलों के 200 से अधिक गांव डूब गए हैं। यहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना बचाव कार्य में जुटी है। माधोपुर हेडवर्क्स के गेट टूटने से सिंचाई विभाग के कर्मचारी विनोद कुमार पानी के तेज बहाव में बह गए जिनकी तलाश की जा रही है। पठानकोट के शाहपुरकंडी की तरफ रणजीत सागर बांध से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सुजानपुर में बाढ़ ने कई घरों व जेएंडके-पठानकोट नेशनल हाईवे को चपेट में ले लिया है। रावी के ऊपर बने रेलवे पुल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। कठुआ-पठानकोट पुल पर भी आवाजाही बंद कर दी गई है। सुजानपुर के अतेपुर क्षेत्र में जगतार नाम का व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बह गया। पठानकोट के डीसी आदित्य उप्पल, एसपी दलजिंदर सिंह ने बताया कि सेना और एनडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। सुजानपुर में गई नहरें टूट गई हैं। होशियारपुर में टांडा उड़मुड़ के सलेमपुर मंड क्षेत्र में ब्यास दरिया की बाढ़ में एक व्यक्ति के डूबने से मौत हो गई। जलालपुर निवासी जैला अपने दो साथियों के साथ बयास नदी की बाढ़ में फंसे कुछ लोगों की मदद करने के लिए पानी में उतरा था।

## बिहार में नेपाल सीमा से घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी, हाईअलर्ट जारी

**एजेंसी**
**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्य में पाकिस्तान स्थित संगठनों के आतंकवादियों के प्रवेश की खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद राज्यव्यापी हाई अलर्ट जारी कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के तीन संदिग्ध सदस्य नेपाल सीमा पार करके बिहार में घुसे हैं। बिहार पुलिस की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार, संदिग्धों की पहचान रावलपिंडी के हसनैन अली, उमरकोट के आदिल हुसैन और बहावलपुर के मोहम्मद उस्मान के रूप में हुई है। खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वे अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंचे थे और पिछले सप्ताह बिहार में प्रवेश किया था। बिहार पुलिस




मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों की पुलिस के साथ संदिग्धों के पासपोर्ट संबंधी विवरण साझा किए हैं। सुरक्षा एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खुफिया इकाइयों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है बिहार में ऑपरेशन सिंदूर और इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए मई में भारत-नेपाल सीमा और सीमांचल जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। बिहार में मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, किशनगंज जिलों सहित सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। बिहार नेपाल के साथ लगभग 729 किलोमीटर लंबी खुली सीमा साझा करता है। लंबे समय से घुसपैठ और सीमा पार से आवाजाही का प्रमुख केंद्र बन गया है। राज्य के सात ज़िले इस खुली सीमा पर स्थित हैं, जो निरंतर निगरानी और सुरक्षा प्रवर्तन के लिए बड़ी चुनौतियां पेश करते हैं।

## रेलवे बोर्ड चेयरमैन व सीईओ सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के स्थापना अधिकारी कार्यालय द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) से सेवानिवृत्त सतीश कुमार के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी है। वह 01 सितम्बर 2025 से एक वर्ष तक अनुबंध के आधार पर, मौजूदा शर्तों और नियमों पर कार्यरत रहेंगे या फिर अगले आदेश तक पद पर बने रहेंगे। कुमार वर्तमान में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। आदेश की प्रतियां प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई हैं।



## बिहार की जनता होशियार, कटे वोट फिर जोड़े भी जाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी**
**सीतामढ़ी ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' के क्रम में सीतामढ़ी पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार में एसआरआई के जरिए काटे गए नामों को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने कहा कि ये अभी वोट काटे गए हैं लेकिन नए नाम जोड़े भी जाएंगे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर वोट का अधिकार समाप्त हो गया या वोट कट जाएगा तो गरीबों के पास कुछ नहीं बचेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अभी वोट काटा जा रहा है, उसके बाद राशन कार्ड समाप्त किया जाएगा और उसके बाद जमीन छीन ली जाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में



वोट चोरी कर सत्ता में पहुंचे हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में हमारे गठबंधन को अधिक सीटें आईं, लेकिन चार महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन दिखा तक नहीं।उन्होंने आरोप लगाया कि यहां लाखों नाम जोड़कर वोट चोरी की गई। कांग्रेस नेता ने बिहार में इस यात्रा की शुरुआत करने के उद्देश्य को लेकर कहा कि चुनाव आयोग को यह पता चल जाए कि बिहार की जनता होशियार है। उन्होंने संविधान की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के पहले दलित को अछूत कहा जाता था। आजादी के बाद संविधान के जरिए उन्हें अधिकार दिए गए हैं।उन्होंने दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची से जो 65 लाख नाम काटे गए हैं, उनमें दलित, अति पिछड़ा, अल्पसंख्यक, गरीब, और किसान शामिल हैं, इसमें एक अमीर का नाम नहीं है। ये गरीबों का अधिकार छीनना चाहते हैं।

## जम्मू-कश्मीर के उरी में दो आतंकवादी मारे गए, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**एजेंसी**
**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को सेना ने गुरुवार को नाकाम कर दिया, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए अधिकारियों ने बताया कि गुरेज सेक्टर में नौशहरा नार्द के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। इलाके में अभी तलाशी अभियान चल रहा है।

इससे पहले, 25 अगस्त को संयुक्त बलों ने बारामूला के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। उरी सेक्टर के तोरणा इलाके में आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, जब नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों ने संदिग्ध



गतिविधि देखी। घुसपैठियों को चुनौती दी गई, जिसके बाद दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी हुई। इसके बाद इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी आतंकवादी नियंत्रण रेखा पार करके भारतीय सीमा में घुसने में कामयाब न हो पाए। वहीं, 13 अगस्त को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सेना के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था, जब आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे जम्मू-कश्मीर में संयुक्त बलों ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने शुरू किए हैं, जिसमें आतंकियों, उनके सहयोगियों (ओजीडब्ल्यू) और समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है। इन अभियानों का मकसद केवल हथियारबंद आतंकियों को खत्म करना नहीं, बल्कि पूरे आतंकी तंत्र को ध्वस्त करना है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा नियमित रूप से सुरक्षा समीक्षा बैठकें कर रहे हैं, जिसमें उनका ध्यान आतंकवाद के पूरे ढांचे को तोड़ने पर है। हवाला धन रैकेट, ड्रग तस्करी और नशीली दवाओं के कारोबार पर भी संयुक्त बलों की कड़ी नजर है, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इनसे मिलने वाला पैसा आतंकवाद को बढ़ावा देने में इस्तेमाल होता हैखुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों ने कई हवाला रैकेट और ड्रग तस्करी के नेटवर्क को पकड़ा है, जिनके तार सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं से जुड़े थे। इसीलिए संयुक्त बल हवाला रैकेट और ड्रग तस्करी जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ निशाना बना रहे हैं, साथ ही हथियारों का इस्तेमाल करने वाले आतंकियों से भी निपट रहे हैं।

## आधार के दुरूपयोग को रोकने में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका,साइबर फ्रॉड पर लगे अंकुश:-मुख्य सचिव

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**
**मुख्य सचिव** श्री सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में आधार के दुरूपयोग एवं इससे होने वाले साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए एआई (अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का उपयोग किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाल आधार (5 साल तक के बच्चे का आधार) सैचुरेशन को बढ़ाने के लिए सम्बंधित सभी विभाग आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाए एवं लंबित कार्यों को शीघ्र सम्पादित करें। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित यूआईडी कार्यान्वयन समिति (यूआईडीआईसी) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधार की विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए तकनीक के इस दौर में एआई का उपयोग कर आधार से सम्बंधित साइबर फ्रॉड को रोका जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में श्री पंत ने बाल नामांकन को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को आवश्यक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष तक आयु के बच्चों के आधार नामांकन के लिए प्रदेश में प्री–स्कूल और आंगनबाड़ियों में विशेष अभियान चला कर जागरूकता फैलाई जाए। प्रदेश के सरकारी एवं निजी विद्यालयों को इस सम्बन्ध में निर्देशित कर आधार नामांकन में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से इस दिशा में व्यापक प्रचार-प्रसार कर माता-पिता को बाल आधार नामांकन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्य सचिव ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन पर भी विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। श्री पंत ने सम्बंधित विभागों को आधार नामांकन एवं अपडेशन की प्रक्रिया में आवश्यक अन्य दस्तावेजों के भी डिजिटाइजेशन के लिए निर्देश दिए। बैठक में निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली, श्री कुमार उज्ज्वल ने राज्य में आधार सैचुरेशन की स्थिति एवं अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की । शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, श्रीमती अर्चना सिंह ने इस सम्बन्ध में नोडल विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर यूआईडीआईसी की गत बैठक में विभागों को दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। जिसके तहत प्रदेश में अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट, आधार लिंक बर्थ रजिस्ट्रेशन (एएलबीआर), स्टेट वेरिफिकेशन पोर्टल की स्थिति, जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति (डीएलएएमसी) जैसी विषयों की प्रगति की जानकारी साझा की गई।

## राजीविका एवं वी. शक्ति ट्रस्ट दिल्ली के मध्य एक "गैर वित्तीय" समझौते पत्र पर हस्ताक्षर

**जयपुर, 28 अगस्त। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास** परिषद (राजीविका) एवं वी. शक्ति ट्रस्ट दिल्ली के मध्य गुरुवार को एक "गैर वित्तीय" समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते ज्ञापन को श्रीमती नेहा गिरी राज्य मिशन निदेशक राजीविका एवं श्रीमती प्रज्ञा यादव "फाउंडर एवं ट्रस्टी-वी शक्ति फाउंडेशन" द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। श्रीमती नेहा गिरी ने बताया कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों, शिल्पकारों और लघु व्यवसायियों को उनके उत्पादों और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। स्थानीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उनकी आय को बढ़ाना, वित्तीय स्वतंत्रता की आपसी समझ तैयार करना।

## प्रधानमंत्री जी की दिवंगत पूज्य माताजी पर अभद्र टिप्पणी*कांग्रेस आरजेडी की घोर निंदनीय हरकत- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि बिहार में कांग्रेंस-आरजेडी ने निर्लज्जता की सभी हदे पार कर दी हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा मंच से भारत मां के लाडले सपूत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी घोर निंदनीय है। इस कृत्य के लिए देश कांग्रेस-आरजेडी को कभी माफ नही करेगा। श्री शर्मा ने गुरुवार रात को वीडियो संदेश के जरिए कहा कि मां जानकी की पावन धरती, ज्ञान की भूमि और तपोस्थली बिहार में प्रधानमंत्री जी की स्वर्गीय माताजी का अपमान इन पार्टियों के चरित्र और संस्कार को बताता है। राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव सहित इंडी ठगबंधन के नेताओं को ये हजम नहीं हो रहा है कि एक गरीब माँ का बेटा देश के प्रधानमंत्री पद पर कैसे आसीन है और कैसे देश की जनता ने उन्हें अपने दिलों में बिठाया हुआ है। जिन पूज्य माताजी ने संघर्ष कर और परिश्रम की पराकाष्ठा कर गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत किया, उन पुण्यात्मा के शतायु होकर देवलोकगमन के बाद उनका इस तरह से कांग्रेस-आरजेडी द्वारा सार्वजानिक मंच से अपमान किया जाना भारत की महान परंपरा में कहीं से भी स्वीकार्य नहीं हैं।

## किसानों के हित में मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय विकेन्द्रित सौर संयंत्रों से संबद्ध फीडरों में तुरन्त जारी होंगे कृषि कनेक्शन

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**
**मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय किया है अब पीएम कुसुम योजना के तहत स्थापित विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्रों से जुड़े 33/11 केवी सब स्टेशन क्षेत्रों में अलग से प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कृषि कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे। इसके लिए कृषि कनेक्शन नीति-2017 में संशोधन को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी है प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं मुख्यमंत्री के इस निर्णय के पश्चात अब ऐसे सौर ऊर्जा संयंत्रों की क्षमता के अनुसार 33/11 केवी से निकलने वाले फीडरों पर कृषि कनेक्शन के लिए आवेदकों को पृथक से प्राथमिकता से मांग पत्र जारी किए जा सकेंगे मांग पत्र जमा होने के बाद आवेदकों को तुरंत प्राथमिकता से कनेक्शन जारी कर दिए जाएंगे कृषि कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची में आएगी कमी

मौजूदा समय में कृषि कनेक्शन नीति-2017 के अन्तर्गत सामान्य श्रेणी के कृषि कनेक्शन के आवेदकों को राज्य सरकार द्वारा घोषित निर्धारित अंतिम तिथि (कट ऑफ डेट) के अनुसार डिमांड नोट जारी किए जाते हैं मांग पत्र जमा होने के बाद कनेक्शन जारी करने की प्राथमिकता मूल आवेदन तिथि के अनुसार संधारित की जाती है वहीं अन्य श्रेणी-ड्रिप, डिग्गी अथवा शहरी क्षेत्र के आवेदकों के मांग पत्र तुरन्त प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाते हैं इन आवेदकों के लिए कनेक्शन जारी करने की प्राथमिकता मांग पत्र जमा करवाने की तिथि के अनुसार संधारित की जाती है वर्तमान में 22 फरवरी 2022 तक की कट ऑफ डेट के अनुसार सामान्य श्रेणी के आवेदकों को कनेक्शन देय हैं राज्य में फिलहाल 78 हजार 498 कृषि कनेक्शन लंबित हैं, जिनमें डिमाण्ड नोट जमा किए जा चुके हैं। वहीं इसके बाद 2 लाख 27 हजार 913 नए आवेदन प्राप्त हुए है

उल्लेखनीय है कि पीएम-कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में प्रदेश में धरातल पर तेजी से काम हो रहा है प्रदेश की गांव-ढाणियों में लगभग 1543 मेगावाट क्षमता के 776 विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं इनमें भी 1420 मेगावॉट क्षमता के प्लांट मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर स्थापित किए गए हैं इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से 1 लाख से अधिक कृषि उपभोक्ताओं को खेती के लिए दिन में बिजली सुलभ होने लगी है यह संयंत्र विद्युत सब-स्टेशन से 5 किलोमीटर के दायरे में स्थापित किए जाते हैं मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सौर ऊर्जा संयंत्रों से दिन में उत्पादित हो रही बिजली का उपयोग कृषि क्षेत्र में हो सकेगा और बड़ी संख्या में किसानों को कृषि कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे जिससे कृषि कनेक्शनों की आवेदन सूची में कमी आएगी।

## आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा आपत्ति का निपटारा

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**



वैशाली जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा आपत्ति के निष्पादन की स्थिति तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई । जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने जिले सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों में प्रपत्र छह , प्रपत्र सात और प्रपत्र आठ के तहत प्राप्त आवेदनों पर ससमय नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों के आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के निरीक्षण सेक्टर पदाधिकारियों , सहायक निवार्ची पदाधिकारी तथा निवार्ची पदाधिकारियों के द्वारा करते हुए इसे शत प्रतिशत पूर्ण कराने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है ।समीक्षा बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-सहायक निवार्ची पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## गोविंददेवजी मंदिर जनता बाजार सब्जी मंडी में नगर निगम हेरिटेज की सरकारी दुकानों पर नगर निगम हैरिटेज की मिली भगत से हो रहे अवैध कब्जे

**देश का दर्पण न्यूज**
**जयपुर, नगर**निगम हैरिटेज के अधिकारियों की मिली भगत से गोविंददेवजी मंदिर के पास जनता बाजार में स्थित सरकारी दुकानों पर अवैध कब्जे करवाए जा रहे हैं। जनता बाजार में दुकान नंबर 169, दु. न.170,दु. नं.171 दु. नं 172 ये दुकानें जब से बनी है तब से किसी को भी आवंटन नहीं की गई सन 2023 में कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर नई शटर लगा दी गई थी इन दुकानों की नगर निगम हेरिटेज में शिकायत होने पर इन चारों दुकानों को सील कर दिया गया था। नगर निगम हेरिटेज अधिकारियों की मिलीभगत से 23/8/2023 को सीज खोलने के आदेश दे दिए गए। मजे की बात यह है कि इन दुकानों की फळ कके तहत सूचना मांगने पर नगर निगम हैरिटेज से जरिए पत्र क्रमांक





1155 दिनांक 21/10/204 को सूचना दी गई कि ये दुकानें नगर निगम हैरिटेज के स्वामित्व में है दूसरी बात 23/8/2023 के सीज खोलने के आदेश में किसी भी व्यक्ति के नाम का उल्लेख नहीं किया गया। विचारणीय विषय है कि नगर निगम हैरिटेज द्वारा इन दुकानों की नीलामी की कोई भी विज्ञप्ति नहीं निकाली गई। तो फिर निगम द्वारा किन व्यक्ति विशेष को दुकानें दी गई ? नगर निगम के द्वारा बताया गया है कि इन दुकानों का नगर निगम के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। ये दुकाने 1976 में स्ट्रीट वेंडरो के लिए बनाई गई थी।

## रविवार को जुरहरा से खाटूधाम के लिए रवाना होगी तृतीय डाक ध्वजायात्रा

**जुरहरा**, जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाजः कस्बे के श्री खाटूश्याम मंदिर से 31 अगस्त रविवार को तृतीय डाक ध्वजायात्रा खाटूधाम के लिए प्रेमपीठ तिजारा के पीठाधीश्वर श्रीकृष्ण मोहनाचार्य के सानिध्य में रवाना होगी जो अगले दिन अलसुबह श्रीखाटूधाम में पहुंचेगी जहां ध्वजा पताका को श्याम चरणों में समर्पित किया जाएगा। श्री श्याम सखा मंडल जुरहरा के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलवाल ने बताया कि कस्बे के श्रीखाटूधाम मंदिर में रविवार को सुबह पूजा-अर्चना के बाद कस्बे में बैंड-बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसके बाद डाक ध्वजायात्रा में शामिल श्याम प्रेमी ध्वजा यात्रा के साथ पैदल ही खाटूधाम के लिए रवाना होंगे। डाक ध्वजायात्रा का रास्ते में दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

## जुरहरा के नवनियुक्त तहसीलदार का किया स्वागत व सम्मान

**जुरहरा**, जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाजः तहसील जुरहरा के नवनियुक्त तहसीलदार मोहनलाल सियोल का गुरूवार को कस्बा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र खण्डेलवाल व बीजेपी नेता राजेन्द्र जांगिड़ के द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र खण्डेलवाल व बीजेपी नेता राजेन्द्र जांगिड़ के द्वारा तहसीलदार को दुपट्टा पहनाकर उन्हें जुरहरा तहसीलदार का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी गई। गौरतलब है कि तहसीलदार संदीप जैन के जुरहरा से स्थानांतरण के बाद स्थानांतरित होकर आए आरटीएस अधिकारी मोहनलाल सियोल ने जुरहरा तहसीलदार का पदभार ग्रहण किया है।

## शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी का जोधपुर दौरा - किसानों की आय बढाने के लिए मार्केट इंटिलिजेंस को अपनाने की आवश्यकता: शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी



**जयपुर 28 अगस्त।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्री राजन विशाल ने गुरूवार को जोधपुर में भारत सरकार द्वारा निर्मित मसाला पार्क, रामपुरा, मथानियॉ, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंस्थान संस्थान (काजरी) और अतुल राजस्थान डवलपमेन्ट परियोजना, चौपासनी, जोधपुर में टिश्यूकल्चर के माध्यम से फसल खजूर के पौधे तैयार करने की प्रयोगशाला का अवलोकन किया। शासन सचिव द्वारा मसाला पार्क मथानियां के विकास एवं कार्ययोजना की जानकारी ली गई तथा मसाला केन्द्र को और अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। मसाला पार्क में शासन सचिव ने राज्य सरकार की कृषि नीति, कृषि प्रसंस्करण प्रोत्साहन एवं निर्यात नीति के तहत अनुदानित इकाईयों का निरीक्षण किया तथा इकाईयों से निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित मेगा फूड पार्क मथानियाँ को विकसित करने और भविष्य की कार्ययोजना बनाने के लिए आवंटित 300 बीघा भूमि का अवलोकन किया।

## शहीद गूजरमल की प्रतिमा का अनावरण, शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा देशसेवा के लिए आगे आएं - गृह राज्यमंत्री

**जयपुर, 28 अगस्त।** गृह राज्यमंत्री श्री जवाहरसिंह बेढम ने कहा कि देश की सीमाएं की रक्षा करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को आदर्श मानकर युवा देशसेवा के लिए आगे आएं। देश के लिए शहादत देने वाले शहीद हमेशा पूजे जाएंगे उनके बलिदान के कारण देश सुरक्षित है। गृह राज्य मंत्री गुरुवार को भरतपुर जिले के बयाना के ग्राम श्यामपुरा में शहीद गूजरमल की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ है। हमारे वीर सैनिकों ने भारत की सीमाओं पर अडिग रहकर दुश्मन देशों व आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जवान गूजरमल ने देश की सेवा में प्राण न्यौछावर कर सर्वोच्च बलिदान दिया है इसे कभी बुलाया नहीं जा सकताए युवाओं के लिए वे हमेशा मार्गदर्शन का कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय हमारी सेना के जवानों ने पूरे विश्व को अपनी वीरता एवं कौशलता से बता दिया कि भारत अब 21वीं सदी का सशक्त व मजबूत इरादों का देश है। श्री जवाहरसिंह बेढम ने कहा कि मुख्यमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओंए महिलाओंए किसानोंए मजदूरोंए उद्यमियों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। देश की सीमाओं पर बलिदान देने वाले शहीद किसी एक वर्ग या क्षेत्र के नहीं होते हैं आने वाली पीढियां उनके योगदान को हमेशा याद रखेंगी। सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से सरकार पूर्व सैनिकोंए शहीद परिवार की वीरांगनाओं एवं आश्रितों के लिए भी कल्याणकारी योजना चलाकर उनके साथ खडी हुई है। प्रतिमा अनावरण समारोह में शहीद वीरांगना एवं परिजनों का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा शहीद गूजरमल की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पचक्र अर्पित किए। समारोह को उत्तरप्रदेश के सराधना विधायक श्री अतुल प्रधान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमाए सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भगवान श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा में हुए शामिल



**जयपुर, 28 अगस्त। मुख्य**मंत्री श्री भजनलाल शर्मा गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन गुरुवार को मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर से गढ़ गणेश तक निकाली जाने वाली पारंपरिक शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। उन्होंने शोभायात्रा में चित्रस्वरूप भगवान श्री गणेश की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इससे पहले श्री शर्मा ने मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर में दर्शन भी किए। श्री शर्मा का मंदिर में महंत श्री कैलाश शर्मा ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण और गणमान्यजन उपस्थित रहे

## मुख्यमंत्री ने की खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा—

**जयपुर, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। इस खेल आयोजन से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा तथा यह आयोजन खेल के क्षेत्र में राजस्थान को नई पहचान भी दिलाएगा। ऐसे में इन गेम्स का भव्य एवं सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए ताकि यह पूरे देशभर में मिसाल बन सके।



श्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि इन खेल आयोजन में प्रदेश के संभाग मुख्यालयों पर गेम्स आयोजित करने के प्रयास किए जाए एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता तथा प्रदेश के युवाओं का जुड़ाव सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस खेल आयोजन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए नवाचारों को अपनाया जाए। इसके लिए मुख्य आयोजन से पहले पूर्व गतिविधियों के रूप में मैराथन सहित स्कूल-कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए ताकि प्रदेशभर में खेलों के प्रति जागरूकता का संदेश जाए। साथ ही, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की सहगतिविधियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से जोड़ा जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों एवं अतिथियों के लिए आवास व्यवस्था, दर्शकों की बैठक व्यवस्था एवं खेलों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की पूर्ण व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, सौन्दर्यकरण एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

## खनिजों के विशाल ढ़ेरों में तलाशेंगे बेशकीमती खनिज—

## रिसाईकलिंग तकनीक से व्यावसायिक उत्पादन की दिशा में बढेंगे कदम- प्रमुख शासन सचिव, खान विभाग

**जयपुर, 28 अगस्त। खा**न एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने कहा है कि प्रदेश में खनिजों के विशाल ढ़ेरों में बेशकीमती क्रिटिकल और रणनीतिक खनिजों की संभावनाओं को तलाश कर रिसाईकलिंग तकनीक से डम्प्स में उपलब्ध खनिज संपदा के व्यावसायिक उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। प्रदेश में खनन क्षेत्रों में खनिज डम्प्स के विशाल ढेऱ उपलब्ध है। आईआईटी, हैदराबाद और आईआईटी, धनवाद से समन्वय बनाते हुए डम्प्स में एसोसिएटेड मिनरल्स के डिपोजिट्स का अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिनरल एक्सप्लोरेशन में एआईएमएल तकनीक का उपयोग करते हुए जीरो लॉस जीरो डिफेक्ट एक्सप्लोरेशन पर पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य आरंभ कर दिया गया है। राजस्थान खनिजों का म्यूजियम होने के कारण खनिज सेक्टर में विपुल संभावनाएं हैं। प्रमुख सचिव श्री टी. रविकान्त गुरुवार को जयपुर में आयोजित ईटी बिजनस समिट में "अनलिजिंग राजस्थान्स मिनरल वेल्थः पाथवेज फार सस्टेनेबल माइनिंग, स्टोन एण्ड सीमेंट इंडस्ट्रीज" विषय पर कीनोट संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा निवेशोन्मुख खनिज नीति, एम सेंड पॉलिसी और सीजीडी पॉलिसी जारी करने के साथ ही प्रक्रिया के सरलीकरण करने का ही परिणाम है कि राज्य में माइनिंग सेक्टर में निवेशक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व खान मंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में रोड़मेप बनाकर आगे बढ़ रही है।

## जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने किया मधुमती पत्रिका के जनजातीय विशेषांक का लोकार्पण

**जयपुर, 28 अगस्त।** राजस्थान साहित्य अकादमी की ओर से प्रकाशित साहित्यिक मासिक पत्रिका मधुमती माह अगस्त, 2025 जनजातीय विशेषांक का लोकार्पण गुरूवार को उदयपुर में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने किया। राजस्थान साहित्य अकादमी के सचिव एवं प्रबंध संपादक डॉ. बसंतसिंह सोलंकी ने बताया कि अरावली ताज रिसोर्ट में आयोजित आदी कर्मयोगी अभियान रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के समापन अवसर पर मधुमती की प्रधान संपादक एवं प्रशासक व संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरानी के निर्देशन में पत्रिका का लोकार्पण हुआ।

## 10 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में समीक्षा बैठक

**जयपुर, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों और उनके महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के सम्मान में आगामी 10 दिसम्बर को जयपुर में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन करेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसम्बर) के आयोजन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के जरिए प्रवासी राजस्थानियों को विकसित राजस्थान की यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही, उन्हें सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान एवं उपलब्धि हासिल करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानी दिवस को सफल बनाने के क्रम में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय अप्रवासी राजस्थानी कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सितम्बर, अक्टूबर एवं नवम्बर माह में राष्ट्रीय एनआरआर कनेक्ट कार्यक्रम को हैदराबाद, कोलकाता और सूरत एवं अक्टूबर माह में अन्तर्राष्ट्रीय एनआरआर कनेक्ट कार्यक्रम को संयुक्त अरब अमीरात (दुबई एवं अबू धाबी) में पूर्ण तैयारी के साथ आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को उद्घाटन सत्र की तैयारियों के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, पर्यटन, जल, शिक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में आयोजित होने वाले विभिन्न सत्रों की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए।

## निवेश और औद्योगिक क्षेत्र में राज्य ने रचा नया इतिहास, राजस्थान अपार संभावनाओं का प्रदेश, निवेशक राज्य की विकास यात्रा में बनें सहभागी, बिजली-पानी-रोजगार क्षेत्र में ले रहे अभूतपूर्व निर्णय - मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान को केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि समृद्ध, सशक्त और सर्वोपरि राज्य बनाने की प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि उद्यमी अधिक से अधिक निवेश कर राज्य की विकास यात्रा में सहभागी बनें। श्री शर्मा गुरूवार को जयपुर में इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान भौगोलिक दृष्टिकोण से सबसे बड़ा तथा व्यापारिक दृष्टि से अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन से राज्य सरकार को 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

## धौलपुर में भव्य और शानदार त्यागी छात्रावास बनेगा

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया 28 अगस्त )** त्यागी समाज के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया। ओंडेला रोड, धौलपुर पर अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित भव्य समारोह में त्यागी छात्रावास निर्माण हेतु भूमि पूजन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश त्यागी के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक इंजी. लक्ष्मी नारायण त्यागी



जी की विशेष उपस्थिति रही।

धौलपुर जिले के समस्त गांवों से आई मिट्टी एवं जल संकलन कलश यात्रा ने इस आयोजन को गौरवशाली आयाम दिया। युवा शक्ति ने गांव-गांव जाकर मिट्टी और जल संकलित कर छात्रावास की नींव में अर्पित किया। सैकड़ों कन्याएँ कलश सिर पर लेकर भूमि पूजन में शामिल हुईं, जिससे वातावरण भक्तिमय और अद्भुत बना।

हजारों की संख्या में जुटे समाजबंधुओं ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में बंधु उपस्थित रहे, जिसने संगठन की विराट एकता और शक्ति का परिचय कराया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश त्यागी ने कहा

"त्यागी छात्रावास केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, संस्कार और समाज की एकता का केंद्र बनेगा। जिस समर्पण और जोश से युवाओं ने मिट्टी एवं जल कलश यात्रा का आयोजन किया, वह हमारे समाज की असली पहचान है। यह छात्रावास नयी पीढ़ी को ऊर्जा देगा और समाज का गौरव बढ़ाएगा।"

राष्ट्रीय संरक्षक इंजी. लक्ष्मी नारायण त्यागी ने कहा

"आज के इस भूमि पूजन ने सिद्ध कर दिया है कि त्यागी समाज जब ठान लेता है, तो कोई लक्ष्य कठिन

## आश्वासन से जगी उम्मीद 6 निलंबित कर्मचारियों की बहाली की मांग पर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा** शहर में गो सेवा टीम जीवरक्षणम और अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने नगर पालिका के 6 निलंबित कर्मचारियों की बहाली को लेकर शुक्रवार को विधायक लालाराम बैरवा को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों का निलंबन बिना ठोस कारण के किया गया है, जिसे तुरंत निरस्त कर उन्हें उनके पदों पर पुनः बहाल किया जाए।

विधायक लालाराम बैरवा ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उनके इस आश्वासन से निलंबित कर्मचारियों और संगठनों में उम्मीद की नई किरण जगी है।अब निगाहें सरकार और प्रशासन की कार्यवाही पर टिकी हैं कि कब तक कर्मचारियों को राहत मिल पाती है।

## ब्रजेश बने रालोमों के जिला महासचिव

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मालपुर गांव निवासी को बनाया गया राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला महासचिव। इस मौके पर लोगों ने दी शुभकामनाएं।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मालपुर गांव निवासी हरे कृष्णा प्रसाद सिंह के पुत्र ब्रजेश कुमार को वैशाली जिला के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला महासचिव बनाया गया है। ब्रजेश विगत दश वर्षों से सामाजिक और राजनितिक कार्यकर्ता के रूप सतत कार्य करने पर इन्हें पद दिया गया है

।इस मौके पर मनीष मंडल इंजीनियर मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह डॉक्टर आलोक कुमार कुशवाहा, बृजनंदन कुमार पप्पू आदि ने बधाई दी है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत के पिता के देहांत पर शोक व्यक्त किया



**पुष्कर, 28 अगस्त 2025।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत के पुष्कर स्थित निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने रावत के पिता स्व.सूरज सिंह रावत जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राठौड़ ने स्व. सूरज सिंह रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें इस दुःखद घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। राठौड़ ने कहा कि स्वर्गीय रावत एक सम्मानित, विनम्र और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। पार्टी परिवार इस अपूरणीय क्षति में रावत परिवार के साथ है।

## अभियान चलाकर निराश्रित पशुओं के लगाएं रिफ्लेक्टर -

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )28 अगस्त। आमजन की सुरक्षा** सर्वोच्च प्राथमिकता है, सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसिया आपसी समन्वय करते हुए जिम्मेदारी से भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं विशेष टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों की अनुपालना की समीक्षा से हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि बारिश के मौसम निराश्रित पशु सड़क पर बैठ जाते है। रात्रि में अंधेरे के कारण सड़कों पर बैठे आवारा पशु वाहन चालकों दिखाई



नहीं देते हैं, जिस कारण जहां वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं वहीं पशु भी चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बेसहारा पशुओं से होने वाले हादसे रोकने को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर पशुओं के रिफ्लेक्टर कालर या सींगों पर रेडियम पेंट करने के निर्देश दिए, ताकि रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे पशुओं का पता चल सके। जिला कलक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर और गति सीमा निर्धारण जैसे उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों में साइनेज लगाये जाए।

उन्होंने ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आई-रैड पोर्टल पर दर्ज डाटा का गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकते हैं।

## एक राष्ट्र—एक चुनाव' को लेकर राज्य स्तरीय छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन 30 को: सुनील

**जयपुर, 28 अगस्त 2025।** एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने बताया कि राष्ट्रीय छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन की तर्ज पर 30 अगस्त को राजस्थान में भी राज्य स्तरीय छात्रसंघ प्रति?निधि सम्मेलन में एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया जाएगा। यह कार्यक्रम वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा।

भार्गव ने बताया कि राज्य स्तरीय छात्रसंघ प्रति?निधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री और एक राष्ट्र एक चुनाव के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सुनील बंसल रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से 35 वर्ष से कम आयु के वर्तमान और पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी और छात्र प्रतिनिधि भाग लेंगे और एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन करेंगे। सभी जिलों से करीबन 1250 छात्रसंघ प्रतिनिधि जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। भार्गव ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव अवधारणा से देश की राजनीति में स्थिरता आएगी और विकास की गंगा बहेगी। चुनाव का भारी खर्च कम होगा, बचत को शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रा जैसे विकासात्मक कार्यों में खर्च किया जा सकेगा। लोकतंत्र की मजबूती के साथ एकजुटता आएगी। इससे देश के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक ढांचे में सुधार लाने के साथ एक सशक्त, स्थिर ओर समृद्ध भारत का निर्माण हो पाएगा।

## हमीरपुर में बाढ़ की जद में फिर आए दर्जनों गांव

**हमीरपुर।** बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी से उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक बार फिर से यमुना और बेतवा दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सतर्क किया जा रहा है। मंगलवार को मौजूदा समय में यमुना जहां खतरे के निशान के पास पहुंच गई। वहीं बेतवा नदी करीब दो मीटर नीचे बह रही है।

मौदहा बांध के सहायक अभियंता सर्वजीत वर्मा ने मंगलवार को शाम बताया कि मंगलवार की सुबह कोटा बैराज से 4971 क्यूसेक, माताटीला बांध से 21072 क्यूसेक व लहचूरा बांध से 13100 क्यूसेक पानी पास किया गया है। जिससे जिले की नदियों का लगातार जलस्तर बढ़ना शुरू हो



गया है। वर्तमान में यमुना नदी के जल स्तर में औसतन दो सेमी प्रति घंटे की वृद्धि हो रही है। आगामी 24 से 36 घंटे में यमुना व बेतवा नदियों का जल स्तर बढ़कर चेतावनी बिंदु के पार पहुंचने की संभावना है। मंगलवार को देर शाम 7 बजे यमुना नदी का जलस्तर 103.220 मीटर पर है। जबकि बेतवा का जलस्तर 102.520 मीटर रिकार्ड किया गया है। यमुना अभी खतरे के निशान से 0.330 मीटर और बेतवा खतरे के निशान से 2.060 मीटर नीचे बह रही है। यमुना का खतरे का निशान 103.630 मीटर व बेतवा का 10.540 मीटर है। उन्होंने लोगों से दोनों नदियों के तटीय इलाकों से दूर रहने की अपील की है। वहीं यमुना नदी का पानी निचले इलाकों में भरने लगा है। शहर के पुराना यमुना घाट मोहल्ला, गौरादेवी नई बस्ती, बेतवा घाट, केसरिया का डेरा, मेरापुर आदि स्थानों में पानी पहुंचने लगा है।

गांव के निचले हिस्सों में भरा बाढ़ का पानीकुरारा विकासखंड क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव के बस्ती के बाहरतक पानी आने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से यमुना नदी का पानी बस्ती की तरफ आने लगा है। ग्रामीणों को फिर बाढ़ का खतरा का आभास होने लगा है।

## सोशलिस्ट पार्टी इंडिया का सदस्यता अभियान सह मिलन समारोह।

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**




पातेपुर बाजार स्थित एक विवाह भवन परिसर सोशलिस्ट पार्टी इंडिया के तत्वावधान में सदस्ता अभियान सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय सहनी के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन सुधा देवी ने किया । कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सोशलिस्ट पार्टी वैशाली जिला के अध्यक्ष के पद पर रविंद्र कुमार सहनी को चुना गया वहीं उपाध्यक्ष पद पर दीपक कुमार राम को चुना गया एवं जिला महासचिव सुधा देवी को बनाया गया । एवं सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया की पातेपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की उम्मीदवार सुधा देवी होंगी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष एवं युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में, प्रमोद कुमार, राजू देवी, प्रमिला देवी, जावेद अली, मोहम्मद फारूक, मंतोष सहनी, पिंकी कुमारी, फुल कुमारी, इंदु देवी, अमलेश कुमार पासवान, आदि के साथ ही भारी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र बबराना में प्रसुति महिलाओं और नवजात शिशु के स्वास्थ्य की जांच शिविर

**सुरज वर्मा**

**भीलवाडा** ज़िले के बनेड़ा तहसील में प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास और उपनिदेशक महोदय आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बबराना में एनम गीता डिडवानिया के सहयोग से उप स्वास्थ्य केंद्र बबराना में प्रसुति महिलाओं और नवजात शिशु के स्वास्थ्य की जांच आयुर्वेद नर्स रिंकू कुमारी मीणा द्वारा की गई और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया गया।

## कल दिनांक 29 अगस्त 2025 को श्री राहुल गांधी, माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद लोकसभा का सिवान जिला के परिभ्रमण के अवसर पर यातायात संचालन से संबंधित आवश्यक सूचना

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान मे कल दिनांक 29 अगस्त 2025 को श्री राहुल गांधी,नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद लोकसभा का सिवान परिभ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है।

इस अवसर पर आम लोगों को यातायात से संबंधित असुविधा न हो इसलिए यातायात संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना दी जा रही है।

3:00 बजे अपराह्न के बाद से गोपालगंज मोड़ से हरदिया मोड़ के बीच गाड़ी का परिचालन वर्जित रहेगा। सारण बाईपास से सिवान टाउन में प्रवेश करने वाली सवारी गाड़ी हरदिया चौक से सराय थाना, सैफायर इन होटल, सिसवन डाला,स्टेशन मोड, आंदर ढाला कंधवारा होते हुए दरोगा राय कॉलेज मोड़ मैरवा रोड में जा सकती है। मैरवा रोड से कोई गाड़ी कंधवारा, रेणुआ, आंदर ढाला ,स्टेशन मोड़ होते हुए सिसवन डाला ,सफायर इन होटल ,सराय थाना हरदिया होकर बाईपास में जा सकती है।

नगर थाना के तरफ से कोई भी गाड़ी जेपी रोड में प्रवेश नहीं करेगी।

हकाम से आने वाली गाड़ी जेपी रोड में प्रवेश नहीं करेगी।

## जिला पदाधिकारी, की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**जिसमें जिले में खरीफ फसलों यथा धान, मक्का, अरहर, रागी आदि का आच्छादन, व**षापात की स्थिति अनुदानित दर पर बीज वितरण, खरीफ मौसम अन्तर्गत उर्वरक की आवश्यकता / उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, जैविक खेती, केन्द्र प्रायोजित प्राकृतिक खेती मिशन योजना, पक्का थ्रेसिंग फ्लोर, उद्यान की योजनाएँ, पी०एम०-किसान सहित कृषि से संबद्ध अन्य विभाग यथा उर्जा, पशुपालन, मत्स्य, नाबार्ड, लघु जल संसाधन, नहर प्रमण्डल, गव्य विकास आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जिले में वषापात की स्थिति वर्तमान में सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक है, फलस्वरूप खरीफ फसलों की स्थिति काफी अच्छी है। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा किसानों को निर्वाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कृषि फीडर अन्तर्गत सृजित सभी आवेदनों (11000) का निस्तारण अभियान चलाकर अगली बैठक से पूर्व करने का निदेश कार्यपालक अभियंता विद्युत को दिया गया। लघु जल संसाधन के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जे०ई० एवं बी०पी०आर०ओ० के साथ प्रत्येक सप्ताह वी०सी० के माध्यम से बैठक करेंगे ताकि बंद राजकीय नलकूल को चालू किया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों में अगले सप्ताह तक संतोषजनक प्रगति करायेंगे। उर्वरक की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया

## सीवान में अभियोजन अधिकारियों के लिए आवास की समस्या: न्याय व्यवस्था पर संकट....

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सीवान में अभियोजन अधिकारियों को आवास की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न केवल उनके काम में बाधा आ रही है, बल्कि उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। यह मुद्दा लंबे समय से अनसुना है, जबकि इसका सीधा असर राज्य की न्याय व्यवस्था पर पड़ता है। अभियोजन अधिकारियों ने इस समस्या को कई बार अपने वरिष्ठ अधिकारियों और जिलाधिकारियों के सामने उठाया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

सिवान जिले में जर्जर आवास

सिवान के अधिवक्ता श्री प्रयाग कुमार के अनुसार, सिवान में इन अधिकारियों के लिए आवास कभी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कार्यालय के बगल में हुआ करता था। लेकिन, वर्तमान में यह पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और दिन-रात आवारा कुत्तों का अड्डा बना हुआ है। यह स्थिति दिखाती है कि कैसे सरकार की अनदेखी के कारण एक महत्वपूर्ण सुविधा खत्म हो चुकी है।

अभियोजन अधिकारी का काम अदालती कार्यवाही में सरकार का पक्ष प्रस्तुत करना है। वे पुलिस द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों का अध्ययन करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि अपराधी को सजा मिले और न्याय हो। उनकी भूमिका अपराध न्याय प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण है। अभियोजन अधिकारी ही यह तय करते हैं कि किसी मामले को कोर्ट में कैसे पेश किया जाए।

## आपका वोट उस 'गारंटी कार्ड' के नाम, जो वादे पूरे करने की लिखित गारंटी दे:!

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान, बिहार:** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सिवान के अधिवक्ता प्रयाग कुमार ने एक अनूठी और क्रांतिकारी पहल शुरू की है। उन्होंने सिवान के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे इस बार सिर्फ जुबानी वादों पर वोट न दें, बल्कि अपने उम्मीदवारों से एक स्टाम्प पेपर पर लिखित में विकास का वादा लें। उनका कहना है कि यह कदम क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा और नेताओं को अपने वादों के प्रति जवाबदेह बनाएगा।

अधिवक्ता प्रयाग कुमार , विकास कुमार ने अपने संदेश में कहा, "यह समय है जब हमें अपने भविष्य के बारे में सोचना है।

## संभागीय आयुक्त टीना सोनी ने इलाके की सरकारी संस्थाओं का किया निरीक्षण



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया 28) अगस्त।**

सैंपऊ उपखंड इलाके में गुरुवार को संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी पहुँची। संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत एवं सरकारी संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए हैं।

संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत कैंथरी का निरीक्षण करने पहुंची। जहां उन्होंने नवनिर्मित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और स्थानीय पंचायत को साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके बाद तसीमों ग्राम पंचायत का भी उन्होंने निरीक्षण किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गंदगी पाये जाने पर नाराजगी जताई और संस्था प्रधान को सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना में घायल गोवंश के उपचार के लिए संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग को शीघ्र मोबाइल पशु चिकित्सालय वैन को मौके पर घायल गोवंश के उपचार करने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत पशु चिकित्सालय वैन के कर्मचारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल गोवंश का उपचार प्रारंभ किया।

## छिनैती का आरोपी 25 हजार का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज** । थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा छिनैती से सम्बन्धित प्रकाश मे आये अभियुक्त रिशु भारतीया पुत्र उमेश भारतीया निवासी 4/7 बी सदियापुर थाना करैली जनपद प्रयागराज को मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आर्मी कालोनी के सामने वाली रोड कालिन्दीपुरम थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया व उसके कब्जे से छीनी गयी चेन (पीली धातु) को बेचने से प्राप्त रुपयों में से 820 रुपये नकद बरामद किये गये । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

घटना का संक्षिप्त विवरण

वादिनी मुकदमा श्रीमती पुष्पा मिश्रा पत्नी अरुण मिश्रा निवासी ब्रम्हराज एनेक्स प्लाट नं0-101 सेक्टर 9 ऐरोली नवी मुम्बई द्वारा थाना धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गयी कि मोटर साइकिल सवार 02 अज्ञात अभियुक्त वादिनी के गले से चेन छीन कर भाग गये ।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल ने किया जिला कारागृह का औचक निरीक्षण

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 28 अगस्त। राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुपालना में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव के संयुक्त तत्वावधान में जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालसा



द्वारा जारी एसओपी में वर्णित दिशा-निदेर्शों की पालना सुनिश्चित किये जाने के एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जेल में जाकर अलग-अलग बैंरकों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं सभी बंदियों से अलग-अलग उनके प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की सभी बंदियों से उनकी अपील के संबंध में जानकारी ली उनसे उनके केस, तारीख पेशी, विधिक सहायता, इत्यादि के बारे में पूछा तथा उनके बाद बंदियों से नाश्ता, भोजन, मेडिकल सुविधा, कैंटीन सुविधा, कूलर पंखे लाइट इत्यादि की समस्याओं के बारे में पूछा। निरीक्षण दौरान बैरकों के अंदर पानी जमा हुआ था जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि तुरंत प्रभाव से पानी का निकास किया जाए जिला न्यायाधीश ने बताया कि पानी जमा होने से काफी बीमारियां पैदा होती है जिससे बंदी बीमार पड़ सकते हैं उसके बाद जिला न्यायाधीश ने बंदियों की जमानत के बारे में सभी बंदियों से पूछा जिसकी भी जमानत हो चुकी है वह तुरंत प्रभाव से जमानत करवाएं एवं एलएडीसीज अधिवक्ताओं को भी निर्देशित किया

# बिहार एसआईआर : सिर्फ पांच दिन बाकी, राजद-कांग्रेस ने मतदाता सूची को लेकर नहीं उठाई आपत्ति

**नई दिल्ली।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए महज पांच दिन बाकी हैं। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार एसआईआर को लेकर डेली बुलेटिन जारी किया है। ईसीआई के अनुसार, अब तक सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) की ओर से 53 आपत्तियां मिली हैं।




निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया के संबंध में दैनिक बुलेटिन जारी किया है। ईसीआई के अनुसार, 1 अगस्त 2025 (दोपहर 3 बजे) से 27 अगस्त 2025 (सुबह 10 बजे) तक की अवधि में दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए अब केवल 5 दिन शेष हैं। इस दौरान सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) की तरफ से 53 आपत्तियां मिली हैं, जिनका निपटारा 7 दिन में किया जाएगा। इसके अलावा, राजद, कांग्रेस, जदयू और भाजपा समेत अन्य दलों की ओर से 27 दिनों के बाद कोई आपत्ति नहीं मिली है। ईसीआई ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से फॉर्म 6 (घोषणा-पत्र सहित) के तहत कुल 6,35,124 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 27,825 का निस्तारण हुआ। इसके अलावा, योग्य मतदाताओं को शामिल करने और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के लिए कुल 1,78,948 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुईं, जिनमें से 20,702 का निस्तारण 7 दिनों के बाद हुआ। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निस्तारण संबंधित ईआरओ या एआरओ द्वारा पात्रता सत्यापन और 7 दिन की नोटिस अवधि पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से किसी भी नाम को बिना जांच और निष्पक्ष सुनवाई के नहीं हटाया जाएगा। हटाए गए नामों की सूची, कारण सहित, जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइटों पर ईपीआईसी नंबर के साथ खोज योग्य रूप में उपलब्ध है।

## गाय को बचाने के चक्कर में गैस टैंकर पलटा बडा हादसा होने से टला

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना हलेना (भरतपुर.)...**



**जयपुर-आगरा हाईवे ठल्र** संख्या 21 स्थित पर सोमवार देर रात गैस से भरा टैंकर पलट गया। गनीमत रही कि टैंकर से गैस का रिसाव नहीं हुआ, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के मुताबिक, हादसा रात करीब 11 बजे नसवारा गांव के पास हुआ। टैंकर चालक हीरा सिंह (निवासी बिजनौर, मुरादाबाद) ने बताया कि गुजरात के कांडला से टैंकर लेकर उत्तराखंड जा रहा था। रास्ते में अचानक एक पशु सामने आ गया। उसे बचाने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना पर हलैना व भुसावर पुलिस मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर 6 दमकलें और 8 क्रेन बुलाई गईं। क्रेन से प्रयास सफल नहीं होने पर चैन क्रेन मशीन लगाई गई। सुबह करीब 9 बजे टैंकर को सीधा किया जा सका। हादसे के बाद हाईवे का एक ओर का यातायात रोकना पड़ा। करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। गैस रिसाव की आशंका से आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल बना रहा।

## लैब तकनीशियनों और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध



**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना भरतपुर..** वैर उपजिला अस्पताल में गुरुवार को लैब तकनीशियनों और कर्मचारियों ने जांचों के निजीकरण के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार के इस फैसले से न केवल बेरोजगारी बढ़ेगी बल्कि जांच की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े होंगे। भरतपुर जिला प्रयोगशाला सहायक संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि 18 अगस्त को सरकार को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। इसी क्रम में प्रदेश स्तरीय आह्वान के तहत 28 से 30 अगस्त तक काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रहेगा। लैब टेक्नीशियन संघ ने सरकार को चेताया कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## 10 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में समीक्षा बैठक

**जयपुर, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्था**नियों की उपलब्धियों और उनके महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के सम्मान में आगामी 10 दिसम्बर को जयपुर में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन करेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसम्बर) के आयोजन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के जरिए प्रवासी राजस्थानियों को विकसित राजस्थान की यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही, उन्हें सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान एवं उपलब्धि हासिल करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## मार्केट इंटेलिजेंस को अपनाने की अत्यंत आवश्यकता- प्रमुख शासन सचिव, विशाल राजन

**जोधपुर।** जब तक उन्नत व आधुनिक कृषि तकनीकें किसानों के खेत तक नहीं पहुंचेगी और किसान इस से लाभान्वित नहीं होंगे तब तक कृषि वैज्ञानिकों के नए अनुसंधान एवं कृषि अभियांत्रिकी की तकनीकों का कोई फायदा नहीं होगा। यह बात प्रमुख शासन सचिव, कृषि, राजस्थान, आईएएस विशाल राजन ने बुधवार को कृषि विश्वविद्यालय में भ्रमण के दौरान कही। इस दौरान कृषि आयुक्त, आईएएस चिनमयी गोपाल व विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो अखिल रंजन गर्ग व कुलसचिव आरएएस निशु कुमार अग्निहोत्री भी मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान विशाल राजन ने कहा



कि नयी कृषि तकनीक ईजाद की सफलता तब है जब वो किसानों की आय बढ़ाने में कारगर हो। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि विभिन्न उत्पादकों के साथ टाइप अप कर विश्वविद्यालय में बनाए गए कृषि यंत्रों को रेप्लिकेट किया जाए, फिर किसान को उपलब्ध करवाए। आय को बढ़ाने के लिए मार्केट इंटेलिजेंस को अपनाने के साथ साथ कृषि वैज्ञानिकों को पेटेंट को बढ़ाने का सुझाव भी उन्होंने दिया।

**किसानों से लेवें सुझाव**

मौके पर चिनमयी गोपाल ने कहा कि किसानों के पास तकनीक पहुंचने के बाद ही उसके उपयोग की जमीनी हकीकत पता चलती है।

उन्होंने किसानों से सुझाव लेकर मशीनों के इम्प्रूव वर्जन बनाने की बात कही। कुलगुरु प्रोफेसर गर्ग ने जमीनी हकीकत जानने के लिए किए गए भ्रमण को सराहनीय बताते हुए कहा कि प्रमुख शासन सचिव की ओर से कृषक हित में दिए गए सुझावों को अमलीजामा पहनाने के लिए बेहतरीन प्रयास विश्वविद्यालय की ओर से किए जाएंगे।

## बयाना में ज्वेलर्स को गोली मारकर 80 हजार की लूट, व्यापारी गंभीर रूप से घायल

**बयाना।** बयाना के सालाबाद रेलवे फाटक के पास बुधवार को दिनदहाड़े एक ज्वेलर्स व्यापारी को गोली मारकर 80 हजार रुपये नकद और ज्वेलरी से भरा बैग लूट लिया गया। वारदात के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए।

गांधी चौक निवासी ज्वेलर्स व्यापारी पिंटू सोनी जब सालाबाद रेलवे फाटक से गुजर रहे थे, तभी बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर लूटने की कोशिश की। व्यापारी द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उनकी जांघ में गोली मार दी और बैग छीनकर भाग गए।

गोली लगने से गंभीर रूप से घायल व्यापारी को तुरंत भरतपुर के



आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। झील चौकी पुलिस, एडिशनल एसपी और डीवाईएसपी तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए पूरे जिले में नाकेबंदी शुरू कर दी है।

इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बीजेपी की पूर्व सांसद राजित कोहली ने पीड़ित परिवार और स्वर्णकार संघ के व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। इसके बाद, भरतपुर के एसपी दिगंत आनंद भी बयाना पहुँचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

## पैथालॉजी और नर्सिंग होमों के संचालक बेलगाम

अमेठी। अमेठी के सीएमओ आफिस में लंबे समय से सबसे ज्यादा आमदनी वाली पटल शेष कुमार के पास है। इनके पास पैथालॉजी जांच केंद्र, नर्सिंग होम और डाक्टरों की पटल है। अमेठी जनपद में खुलेआम अवैध पैथालॉजी जांच केंद खुले हैं। इसके बाद अवैध नर्सिंग होम और अस्पताल चल रहे हैं। लेकिन अवैध पैथालॉजी जांच केंद्र और नर्सिंग होम चलाने वालों पर प्रशासन, शासन और सरकार का बिल्कुल भय नहीं है।

अवैध पैथालॉजी केंद्र और नर्सिंग होम बड़े बड़े बोर्ड लगाकर चल रहे हैं। जबकि पैथालॉजी जांच केंद्रों पर लैब टेक्नीशियन तक नहीं है। फिर भी जांच रिपोर्ट आधे घंटे में मिल जाती है। आने वाले मरीजों का खून निकालने से लेकर जांच तक का काम बिना डिग्री वाले करते हैं। जांच का काम लैब टेक्नीशियन का है। लैब टेक्नीशियन गिने चुने पैथालॉजी केंद्रों पर है। बाकी वैसे चल रहे हैं। जिससे कम पढ़े लिखे लोग खून निकालने से लेकर मशीन पर जांच तक का काम करते हैं। इस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि पैथालॉजी जांच केंद्रों और नर्सिंग होमों की जांच के लिए डॉ राम प्रसाद नोडल अफसर है। पटल के बाबू शेष कुमार ने बताया कि अमेठी जनपद में केवल 27 पैथालॉजी केंद पंजीकृत हैं। इसमें 10 पैथालॉजी केंद जांच के लिए अधिकृत है। बाकी 17 पैथालॉजी केवल सेंपलिंग के लिए वैध है। बाकी अवैध रूप से चल रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 18 दिसंबर 2022 को जूम बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को और स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश में कहा था कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में अवैध रूप से पैथालॉजी केंद खुले हैं। इनको तत्काल प्रभाव से चिन्हित करके बंद कराएं। बाकी अवैध पैथालॉजी केंद, अवैध नर्सिंग होम, अवैध अस्पताल, मेडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों की सूची शासन को भेजें।

लेकिन अफसरों ने केवल पंजीकृत पैथालॉजी केंद्रों की सूची भेजकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। इसके बाद एक खबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने एक जून 2023 को अमेठी के जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवैध पैथालॉजी केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे। लेकिन सीएमओ आफिस के अफसरों ने जांच और कार्यवाही की जिम्मेदारी बाबू को थमा दी थी।

## भादवी छट के उपलक्ष्य मै गाडरी समाज ने निकाली वाहन रैली



**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में गाडरी समाज द्वारा भादवी छट के उपलक्ष्य में 28 अगस्त 2025 को धरती देवरा शाहपुरा से पालना देव नारायण पांसल भीलवाड़ा तक वाहन रैली का आयोजन किया जानकारी देते हुए शिवराज गाडरी प्रतापपुरा ने बताया की मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र रेगर कांग्रेस . शंकर जी गुर्जर ओ स डी कर्नाटक राज्यपाल श्रीमान नारायण जी गाडरी ब्लॉक कांगेस अध्यक्ष बनेड़ा श्रीमान भैरू जी गाडरी कादी सहना. गोपाल गाडरी अरनिया घोड़ा राजू जी गाडरी सावर जी गाडरी प्रतापपुरा राजू जी गाडरी भरनी शंकर जी गाडरी बालापुरा. देवकीशन गाडरी अरनिया घोड़ा प्रहलाद जी अरनिया घोड़ा देवकीशन गाडरी नासरदा बबलू गाडरी निमेड़ा खेड़ा आदि समाज जनो ने वाहन रैली मे भाग लिया और जगह जगह सर्व समाज के लोगो ने वाहन रैली का स्वागत सत्कार किया

## तीन दिवसीय सेवादल जिलाभीलवाड़ा प्रशिक्षण शिविर 29 से शुभारम्भ करेंगे राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर




**सुरज वर्मा**

**भीलवाड़ा** ज़िले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के सानिध्य में आयोजित होने वाले भीलवाड़ा जिला सेवादल कांग्रेस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 29 से 31 अगस्त तक गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में आयोजित होगा। एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर 29 अगस्त को प्रातः 11.15 बजे शिविर का शिव जी के जल अभिषेक कर विधिवत उदघाटन करेंगे। उदघाटन कार्यक्रम में सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ,संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक ,जोन प्रभारी मोहन हटेला ,जिला प्रभारी अविकुल शर्मा ,पूर्व कॉग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल डांगी पूर्व विधायक गायत्री त्रिवेदी शाहपुरा विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रेगर नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक पूर्व प्रतिपक्ष नेता संजय पेड़ीवाल पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल मंजू पोखरणा ,याकूब मोहम्मद राजेश चौधरी , पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग जिला संगठन महासचिव महेश सोनी पूर्व सभापति मधु जाजू , अविचल व्यास महिला जिला अध्यक्ष रेखा हिरण एनएसयूआई जिला अध्यक्ष भावेश पुरोहित पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक राजेंद्र जैन सहित कई



**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को जयपुर में आयोजित इकनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट-2025 को संबोधित किया। श्री शर्मा ने उद्यमियों से प्रदेश में निवेश कर राजस्थान की विकास यात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। उन्होंने इस समिट के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।**

## बिजली-पानी-रोजगार क्षेत्र में ले रहे अभूतपूर्व निर्णय- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर, 28** अगस्त। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान को केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि समृद्ध, सशक्त और सर्वापरि राज्य बनाने की प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि उद्यमी अधिक से अधिक निवेश कर राज्य की विकास यात्रा में सहभागी बनें।

श्री शर्मा गुरूवार को जयपुर में इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान भौगोलिक दृष्टिकोण से सबसे बड़ा तथा व्यापारिक दृष्टि से अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन से राज्य सरकार को 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, इनमें से 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर धरातल पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को अधिक सुगम बनाने के लिए राज्य में राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान मिनरल पॉलिसी, रीको प्रत्यक्ष आवंटन नीति, डेटा सेंटर नीति, वस्त्र एवं परिधान नीति, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति जैसी नीतियां जारी की गई।

## ग्रामीण जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं: पशुपालन मंत्री

**जयपुर, 28 अगस्त।** राज्य सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जालोर जिले के नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पावटा का लोकार्पण समारोह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा का अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर व लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया। लोकार्पण समारोह में श्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सदैव तत्पर है तथा आमजन को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि पावटा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन बनने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट में घोषणा की गई है जिनका क्रियान्ववयन कर लोगों को लाभांवित किया जा रहा हैं। समारोह में मंत्री श्री कुमावत ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मोबाईल वेटेनरी यूनिट-1962, वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना व लिंग सॉर्टेड सीमन योजना सहित राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी बजट घोषणा में पावटा में नवीन पशु उप केन्द्र खोले जाएंगे। साथ ही आहोर विधानसभा क्षेत्र में 11 नवीन पशु उप केन्द्र खोले गए हैं जिनमें से 9 पशु उप केन्द्रों की स्वीकृति भी जारी कर दी गई है साथ ही शंखवाली, बिबलसर व मेडा उपरला उप केन्द्रों को पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत किया गया है तथा आहोर में बहुउद्देश्य पशु केन्द्र स्थापित किया जायेगा तथा पशुओं की चिकित्सा सुविधाओं में कोई कमी नहीं रखी जायेगी। पशुपालन मंत्री ने किया पौधारोपण

समारोह के उपरांत राज्य के पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान व ह्यएक पेड़ माँ के नामह्लह्ल अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

श्री जोराराम कुमावत व आहोर विधायक श्री छगनसिंह राजपुरोहित ने रसियावास खुर्द से बीठिया तक सड़क निर्माण कार्य का भूमि भूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य होने से रसियावास खुर्द से बीठिया तक सड़क मार्ग सुगम होगा तथा लोगों को परिवहन में आसानी होगी।

चिकित्सालय भवन के उदघाटन समारोह में पाली डेयरी के चैयरमैन प्रताप सिंह बिठिया, पाली के भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, नगरपालिका तख्तगढ के चैयरमैन श्री ललित रांकावत, बीसीएमओ मनोज कुमार, मंडल अध्यक्ष श्री जयंति लाल कुमावत, जिला परिषद सदस्य श्री चंदन सिंह, पावटा के प्रशासक श्री तेज सिंह, श्री भंवर सिंह पादरली, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री अमृत देवासी, गोवर्धन सिंह राजपुरोहित, अमर सिंह भामाशाह, जालोर के सीएमएचओ श्री भैराराम ज्याणी, अमरचंद, हिंगोला, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. विरेंद्र हंगतानी, आहोर एसडीएम श्री सावरमल, शांतिलाल भामाशाह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस थाना चंदवाजी इलाके में चल रहे अवैध साइबर कॉल सेंटर का किया पदार्फाश

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर श्री राहुल प्रकाश आईपीएस द्वारा वर्तमान में बढते हुए साइबर अपराधों पर लगाम लगाने हेतु साइबर अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां. पुलिस उप अधीक्षक साइबर सैल श्री खलील अहमद व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी चन्दवाजी श्री हीरालाल पुलिस निरीक्षक मय जाप्ता व साइबर सैल जिला जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु दिनांक 27.08.2025 को पुलिस टीम का गठन किया गया।

दिनांक 27.08.2025 को साईबर सैल टीम जिला जयपुर ग्रामीण से श्री कमलेश कुमार हैड कानि. 617 व श्री बाबूलाल कानि. 1718 द्वारा आसूचना संकलन की गई तो पुलिस टीम को मोबाईल नंबर 8306570344 के विरुद्ध ऑनलाईन साइबर अपराध करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन प्राप्त की गई व टीम से श्री शंकर
लाल कानि. 2289 थाना चन्दवाजी द्वारा उक्त लोकेशन स्थल पर जाकर तस्दीक की गई। तस्दीक करने पर




सूचना विश्वसनीय होने पर पुलिस टीम द्वारा तुरंत उक्त स्थल एसबीआई बैंक के पीछे कस्बा चन्दवाजी में सुरेश गुर्जर के मकान में जाकर दबिश दी गई तो 04 लड़के, 01 लड़की व 01 नाबालिग बालिका मिले जिनका नाम पता पूछा तो विकास, गिरार्राज, राहुल, मनोज, पिंकी होना बताया तथा एक नाबालिग बालिका भी पायी गई। उक्त से पूछताछ करने पर गूगल पर कॉल गर्ल (ऐस्कॉर्ट सर्विस) का ऐड डालकर स्वयं के द्वारा यूज में लिये जा रहे मोबाइल नंबरों से लड़की उपलब्ध करवाने, हॉटल चार्ज, सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर लोगो के साथ ठगी की वारदात करना बताया व उक्त कॉल सेंटर का मालिक विकास यादव होना व अन्य को जॉब पर रखना बताया है जो मकान को किराये पर लेकर कॉल सेंटर संचालित करना बताया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास साइबर ठगी की वारदात में काम में लेने वाले 13 मोबाईल फोन, 10 एटीएम कार्ड, करीब 40 लाख रुपए की साइबर ठगी के रिकॉर्ड सहित 02 डायरी मिली जिस पर उक्त सामान को जप्त कर आरोपी राहुल यादव, मनोज मीणा, गिर्राज मीणा, पिंकी जाट को गिरफ्तार किया गया तथा एक नाबालिग बालिका को निरूद्ध किया गया।

उक्त साइबर ठगों से जप्त मोबाइल नंबरों को समन्वय पोर्टल पर चैक किया गया तो इनके खिलाफ कुल 06 शिकायत साइबर काईम पोर्टल (1930) पर मुम्बई महाराष्ट्र, गाजीपुर उत्तरप्रदेश, बिलासपुर छत्तीसगढ, गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट उत्तरप्रदेश, शाईबराबाद तेलंगाना में दर्ज होना पायी गई हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना चन्दवाजी पर प्रकरण संख्या 295/25 धारा 319(2), 318(4), 336(3), 340 (2), 61 (2) बीएनएस व सूचना प्रोद्योगिकी (संसोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66डी में दर्ज कर पुलिस उप अधीक्षक साईबर सैल द्वारा आरोपियों से गहनता से अनुसंधान जारी है।

## डीजे मशीन चोरी करने वाले शातिर अन्तर-जिला गिरोह का किया पदार्फाश




**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि परिवादी श्री भवनेश पुत्र गोपीराम जाति गुर्जर उम्र 27 साल निवासी रिणगी, थाना सांभरलेक जिला जयपुर ने दिनांक 05.07.2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि रात्रि को अज्ञात चोर प्रार्थी के घर में खडे पिकअप डी.जे. से 02 डी.जे. मशीने चुराकर ले गये हैं। आदि रिपोर्ट पर थाना सांभरलेक पर प्रकरण संख्या 117/2025 धारा 303 (2) बीएनएस मे दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

प्रकरण मे अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर माल मसरूका बरामद करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक श्री अनुपम मिश्र के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सांभरलेक श्री राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा चोरी की वारदात करने वाले अज्ञात आरोपियों के संबंध में आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा पता लगाकर कड़ी मेहनत करते हुये गिरोह के मुख्य सरगना रोशन जाट व गिरोह के अन्य सदस्य कानाराम, नरेन्द्र एवं भूपेश को डिटेन कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात करना स्वीकार किया जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से चुरायी गई 02 डीजे मशीन बरामद की गई हैं। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई तो ईलाका थाना सांभरलेक, सामोद, गोविन्दगढ, फुलेरा, हरमाडा, दौसा, रींगस में भी डीजे मशीनें व वाहन चोरी करने की एक दर्जन से अधिक वारदातो को अंजाम देना स्वीकार किया है। गिरोह के मुख्य सरगना रोशन जाट के विरूद्व थाना गोविन्द्रगढ, कालाडेरा, फागी, रेनवाल मांजी व कालवाड में डीजे मशीने चोरी के 06 मामले दर्ज हैं। आरोपीगणो को पीसी रिमाण्ड पर लिया जाकर अनुसंधान जारी है तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

## पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर की बांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान मे बडी कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**



दिनांक 18.03.2024 को श्रीमान् अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, क्रम संख्या 6. जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर (राज०)। परिवाद संख्या 2024 रिलायंस जनरल इश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, जरिये अधिकृत प्रतिनिधि श्री पूरण चंद सैनी पुत्र स्व. श्री भोला शंकर सैनी, आयु 35 साल क्षेत्रीय कार्यालय-503, पांचवी मंजिल, एवरशाइन टॉवर, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर का इस्तगासा धारा 156 (3) सीआरपीसी का थाना हाजा पर प्राप्त हुआ। यह कि रामेश्वर पुत्र श्री राम सिंह द्वारा परिवादी कम्पनी के साथ धोखाधड़ी कारित करने के पूर्व आशय से अपने स्वयं के स्वामित्व के वाहन संख्या फ्ख-34-फ्ब्न-8516 का दुर्घटना बीमा परिवादी कम्पनी से किया होना प्रकट करते हुए एक फर्जी दुर्घटना बीमा दस्तावेज व कवर नोट झुठा व मिथ्या दस्तावेजात गढ़ा गया जिसमें कि उक्त वाहन का बीमा कवर दिनांक 18.05. 2017 से 17.05.2018 तक की अवधि के लिए कथित तौर बिमित होना अभियुक्त द्वारा दर्शित किया गया। यह कि अभियुक्त द्वारा उक्त बीमा पॉलिसी मात्र परिवादी कम्पनी के साथ धोखाधड़ी कारित करके स्वयं को सदोष लाभ व परिवादी कम्पनी को सदोष हानि पहुंचाने के दुराशय से झूठे व मिथ्या दस्तावेज गढ़कर कुटरचना कारित की है ताकि अभियुक्त परिवाती कम्पनी को धोखा देकर अपने दायित्व से बचा जा सके। जिस पर वाना रामगंज पर अभियोग संख्या 126/2024 धारा 420, 467, 468, 471 व 120बी क्ष्ढ़ में दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा आईपीएस ने बताया कि जयपुर शहर में हो रहे धोखाधडी अपराध की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुए थे। प्राप्त निर्देशों के मध्य नजर श्री दुर्ग सिंह राजपुरोहित आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में एवं श्री हरिवंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन में श्री सुभाष चन्द्र यादव पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आरोपी की टेक्निकल डाटा प्राप्त कर उसका विश्लेषण किया गया। परिवादी व अन्य पीडितों रामेश्वर पुत्र श्री राम सिंह के बयान लिए गये। आरोपी हर बार-बार जगह बदलता रहता था। आरोपी की कम्पनी में जाकर मालूमात किया परन्तु कोई जानकारी नहीं मिली। मुखबिर मामूर कर व टैक्रिकल सहयोग प्राप्त कर आरोपी वृज सुन्दर को बामुश्किल गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुछताछ करने पर आरोपी बृज सुन्दर ने बताया कि मैं वर्ष 2009 से सेठिया फाईनेन्स कम्पनी वृज अनुकम्पा टावर सी स्कीम जयपुर में काम करता हुआ आ रहा है। तथा मार्केटिव एक्जीकेटिव के पोस्ट पर काम करता हूँ हमारी यह कम्पनी फाईनेन्स का काम करती है। मैं साईड में वाहनो का इन्श्योरेन्स भी करवाता रहता था जिसमे मुझे कुछ कमीशन मिल जाता था। वर्ष 2017 में मेरे पास एक ब्रोकर ने रामेश्वर गुर्जर व इसके साथ एक दो आदमी और वे मेरे उक्त ऑफिस पर लेकर आया तथा मुझे एक ट्रेक्टर नम्बर फ्ख34फ्ब्न8516 का इन्श्योरेन्स करवाने के लिये बोला मुझे ट्रेक्टर की आरसी ट्रेक्टर की फोटो तथा 9500 रुपए दिये थे मेने उनको कहा की एक दो रोज में इन्श्योरेन्स करवा कर लाकर देदूगा मैं उस वक्त अलग अलग कम्पनी के ब्रोकरी से कमीशन के बैस पर वाहनो का इन्श्योरेन्स करवाता रहता था। मेने रामेश्वर गुर्जर के ट्रेक्टर का इन्स्योरेन्स रिलाईन्स इन्स्योरेन्स कम्पनी से करवाया था। वर्ष 2018 में रामेश्वर गुर्जर व उसके साथ कुछ लोग मेरे पास मेरे आंफिस में आये तब उन्होने कहा की जो आपने मेरे ट्रेक्टर का इन्श्योरेन्स करवाया था वह फर्जी कूटरचित है। मेने इस बात की सत्यता रिलाईन्स कम्पनी से की तब पता चला की इस ट्रेक्टर की जो पोलीसी नम्बर है वह किसी अन्य ट्रेक्टर के पोलीसी नम्बर डाले हुये है। आरोपी बृज सुन्दर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर की वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान मे बडी कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**
दिनांक 26.02.2025 को परिवादी श्री रामकिशोर महावर पुत्र श्री जैनाराम महावर उम्र 60 वर्ष जाति कोली निवासी लिवाली तह० वामनवास थाना वामनवास जिला सवाई माधोपुर (राज०) हाल किरायेदार ठाकरो की ढाणी कच्ची बस्ती जामडोली थाना जामडोली जिला जयपुर ने उप. थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश कि की दिनांक 25/2/2025 को मैं अपने जीजाजी के साथ किसी काम से रामगंज बाजार चार दरवाजा आया था तीन लडके एक मोटर साईकिल पर आये ओर झपटा मारकर मेरा मोबाईल ले गये। मेरा मोबाईल ड्ढस्न्स्ह्वठ्ठद्द कम्पनी का है। जिसके क्रूएक नम्बर 869973049347915, 869973049347907 है। जिस पर थाना रामगंज पर अभियोग संख्या 91/2025 धारा 304 (2) इठर में दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा आईपीएस आईपीएस के आदेशानुसार शेष मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी बाबत श्री दुर्ग सिंह राजपुरोहित आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में एंव श्री हरिषंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन में श्री सुभाष चन्द्र यादव पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर के नेतृत्व में निश्न टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर खास



व आसपडौसियान से पुछताछ से मुल्जिमानो के बारे जानकारी मिलने पर माल की बरामदगी एवं मुल्जिमानो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर श्री सुभाष चन्द्र यादव पुलिस निरीक्षक द्वारा घटना की गंम्भीरता को देखते हुये वारदात का खुलासा करने व मुल्जिम की गिरफतारी हेतु थाना हाजा से जाप्ते की टीम घटित की गई व घटित टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जिस पर घटित टीम द्वारा पूर्व में 1 शोएब उर्फ टेडा पुत्र श्री जावेद जाति मुसलमान उम्र 22 माल निवासी मकान नंबर 4 मौलाना साहब की दरगाह के पास, कली का भट्टा, थाना गलतामेट 2-मोहित खान उर्फ मोईन पुत्र श्री अब्दुल मजीद जाति पठान मुसलमान उम्र 27 साल निवासी मकान नंबर 1089 खण्डार का रास्ता, मोहल्ला शेखान, चौकडी गंगापोल थाना सुभाष चौक को पूर्व में गिरफतार किया जा चुका था शेष मुल्जिम अपने मस्कन से फरार चल रहा था। मुखबिर खास से मुल्जिम की सूचना प्राप्त कर से मुल्जिम सुल्तान बैग उर्फ जावेद को गिरफतार में सफलता हासिल की।

## रात्री को दुकानों का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास करने के मामले में फरार एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**




श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 14.02.2025 को परिवादी श्री मदन लाल पुत्र गोदूराम कुमावत निवासी कोरसीना की ढाणी हिंगोनिया थाना जोबनेर जिला जयपुर व परिवादी श्री शंकर लाल शर्मा पुत्र मालीराम निवासी डूंगरी हिंगोनिया ने पुलिस थाना जोबनेर पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की कल रात दिनांक 14/2/2025 को कुछ बदमाशो द्वारा हमारी दुकानों का शटर तोडकर चोरी करने का प्रयास किया है। रात्री में जाग होने के कारण शटर तोड़कर ही भाग गये। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जोबनेर श्रीमती प्रियंका वैष्णव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जोबनेर श्री सुहैल उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में चोरी का प्रयास करने वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान की गई तो आरोपी हजारी लाल पुत्र स्वर्गीय नारायाण राम जाति मीणा निवासी नयाबास थाना कोतवाली नीमकाथाना जिला सीकर होना पाया गया जिसका पुलिस टीम द्वारा पता लगाया तो वर्तमान में जिला जेल जयपुर में होना पाया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी को जेल से प्रोडेक्शन वारण्ट पर प्राप्त कर पूछताछ की गई तो उक्त वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी को बाद पूछताछ के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है तथा प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## सीएम नीतीश कुमार का कटा 5000 वोट, गांव के लोगों ने वोट देने से किया इनकार

**पटना/ब्यूरो।** बाढ़ अनुमंडल का एक ऐसा गांव जहां के लोगों ने यह ठान लिया है कि, इस विधानसभा में वोट का बहिष्कार करेंगे। 5 हजार की आबादी वाले गाांव गोपाई चक गांव में लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए और वर्तमान सांसद और विधायक के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि, एक साल पहले गांव में सड़क बनाने की सांसद महोदय द्वारा घोषणा की गई थी। लेकिन, वह अभी तक धरातल पर नहीं उतरी है।

सड़क बनाने को लेकर कई मकान



को भी तोड़ने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि, सड़क बनाने के लिए 90 से 100 घर को तोड़ दिया गया है। अब उस रास्ते पर घास फूस और जंगल उग आया है जिसपर चलकर आना जाना भी एक समस्या बन चुकी है। सांसद ललन सिंह की घोषणा के बाद सड़क बनाने हेतु करीब 100 घर को बुलडोजर से तोड़ा गया था। गोपाईचक की जनता की माने तो नीतीश कुमार के राज में इस गांव में विकास नहीं हुआ।

लोगों का कहना है कि सिर्फ वोट के समय नेता आते हैं और वादे करके चले जाते हैं इसलिए इस बार वोट का बहिष्कार किया जाएगा। इतना ही नहीं यदि सड़क नहीं बना तो आंदोलन करेंगे और सड़क पर उतरेंगे।

गांव में विकास का दावा करने वाली सरकार का इस गांव की जनता ने पोल खोलकर रख दी है। आखिर ये गांव विकास के कार्यों से अब तक अछूता क्यों है? यह सवाल सरकार से पूछा जाना चाहिए।

## थाना चन्दवाजी ने 08 असामाजिक तत्वों को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान द्वारा दिनांक 25.08.2025 से 31.08.2025 तक एक विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाकर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या / हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने व संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी चन्दवाजी श्री हीरालाल सैनी पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी जमवारामगढ श्री रामपाल शर्मा, थानाधिकारी आंधी श्री रमेश उप निरीक्षक मय जाप्ता के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु आज दिनांक 28.08. 2025 को पुलिस टीमों का गठन किया गया।

# थाना करणी विहार जयपुर से चोरी गयी मोटरसाईकिल को किया बरामद

**देश का दर्पण न्यूज**
श्री संजीव नैन (भा.पु.से.), पुलिस उपायुक्त, जयपुर (पूर्व) ने बताया कि जिला जयपुर पूर्व में बढ़ती मोटरसाईकिल चोरी की वारदातो पर लगाम लगाने तथा वारदातो को अंजाम देने वालों को पकडने के लिये जिला जयपुर पूर्व में श्री आशाराम चौधरी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर पूर्व एवं श्री नारायण बाजिया, सहायक पुलिस आयुक्त, गांधी नगर जयपुर पूर्व के निकटतम सुपरविजन में पुलिस थाना गांधी नगर की टीम
के द्वारा कार्यवाही गई। श्रीमान उच्चाधिकारीयो के निदेर्शानुसार जिला जयपुर पूर्व में बढती मोटरसाईकिल चोरी की वारदातो पर लगाम लगाने तथा वारदातो को अंजाम देने वालों को पकडने के लिये झालाना चौकी तहत पुलिस थाना गांधीनगर जयपुर पूर्व पर नाकाबंदी की जा रही थी दौराने नाकाबंदी समय 10.45 पीएम पर मुखबीर खास से इत्तला मिली की अम्बेडकर छात्रावास रोड पर आरग्य भवन के सामने दो शक्स एक बिना नम्बरी मोटरसाईकिल से छेड छाड कर रहे है जो चोरी



की हो सकती है, इत्तला की तस्दीक हेतु जाप्ता नाकाबंदी स्थल से रवाना होकर आरोग्य भवन पहुंचा जहां पर दो शक्स रोड के किनारे एक बिना नंबरी हीरो होण्डा स्पेलण्डर मोटर साईकिल मे पास बैठकर मोटर साईकिल से छेडछाड करते दिखाई दिये। उक्त दोनो शक्सो का नाम पता पुछा तो प्रथम ने अपना नाम किशन लाल पुत्र श्री सीताराम जाति बैरवा उम्र 31 साल निवासी सदरपुरा बालाजी पुलिस थाना मालपुरा जिला टोंक व दुसरे ने अपना नाम राकेश पुत्र श्री सुरेश चन्द जाति नाई उम्र 39 साल निवासी गाँव महाविधया कालोनी पुलिस थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा युपी होना बताया। उक्त दोनो शक्सो को दस्तयाब कर उनके पास मिली बिना नंबरी हीरो होण्डा स्पेलण्डर प्लस मोटर साईकिल के बारे मे पुछा तो कोई संतोषजनक जवाब नही दिया। जिस पर उक्त मोटर साईकिल के चैचिस नंबर टइछ्लअ10एए9ल्ड17289 इंजन नंबर ल्अ10एअ9ल्ड17043 के आधार पर जांच की गयी तो रजिस्ट्रेशन नबर फ्ख14 फ्र 3862 होना पाये गये। उक्त मोटर साईकिल का स्वामी श्री अनील कुमार जांगिड की होना पाया गया जिसके मोबाईल नंबर 7615077888 पर संपर्क किया गया तो बताया कि उक्त मोटर साईकिल चोरी होना बताया जिसकी पुलिस थाना करणी विहार जयपुर पश्चिम मे प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज करवाना बताया। अतः उक्त मोटरसाइकिल को धारा 106 बीएनएसएस में जरिये फर्द के जप्त किया जाकर कब्जा पुलिस लिया गया तथा दोनो शक्सो को जरिये फर्द धारा 128/170 इठरर मे गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना करणी विहार को इस संबंध सूचना दी गयी।

## छत्तीसगढ़ की जैव-विविधता और आर्द्रभूमिह्य विषय पर व्याख्यान-सभा 29 अगस्त को

**भारतीय लोक प्रशासन संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर का आयोजन**

**रायपुर/ब्यूरो।** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय शाखा, रायपुर (आईआईपीएसीजीआरबी) द्वारा 29 अगस्त को छत्तीसगढ़ की जैव-विविधता और आर्द्र-भूमिह्य विषय पर व्याख्यान-सभा का आयोजन किया जा रहा है।
यह व्याख्यान-सभा न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन रायपुर में शाम 5 बजे से आईआईपीएसीजीआरबी के अध्यक्ष सुजोग्य मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में होगी। उक्त विषय पर प्रोफेसर डॉ. एम.एल. नायक का व्याख्यान होगा।
आईआईपीएसीजीआरबी के सचिव अनूप श्रीवास्तव ने व्याख्यान-सभा में क्षेत्रीय शाखा के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## मप्र: 7-8 सितम्बर को लगेगा पूर्ण चन्द्रग्रहण, भारत सहित कई देशों में देगा दिखाई

**उज्जैन/ब्यूरो।** आकाशीय घटनाओं के प्रेमियों के लिए इस बार सितम्बर का पहला सप्ताह बेहद खास होने जा रहा है। 7-8 सितम्बर 2025 की रात को वर्ष का अनोखा खगोलीय नजारा देखने को मिलेगा, जब चन्द्रमा पृथ्वी की छाया में पूरी तरह समा जाएगा। यह पूर्ण चन्द्रग्रहण भारतीय समयानुसार रविवार रात 9 बजकर 56 मिनट 8 सेकंड से प्रारम्भ होकर सोमवार तडके 1 बजकर 26 मिनट 8 सेकंड तक रहेगा। इस दौरान चन्द्रमा पर गहरा लालिमा युक्त आभामंडल दृष्टिगोचर होगा।
ग्रहण की शुरूआत 7 सितम्बर की रात 9.56 बजे होगी और यह मध्य स्थिति 11.41 बजे पहुंचेगा। उस समय चन्द्रमा का 136.8 प्रतिशत भाग पृथ्वी की छाया से ढका हुआ दिखाई देगा। पूर्ण चन्द्रग्रहण की यह स्थिति लगभग डेढ़ घंटे तक बनी रहेगी। इसके बाद धीरे-धीरे चन्द्रमा छाया से मुक्त होना शुरू करेगा और 8 सितम्बर की रात 1.26 बजे ग्रहण समाप्त हो जाएगा। यह खगोलीय घटना भारत सहित अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, हिन्द महासागर और यूरोप के बड़े हिस्सों में देखी जा सकेगी। खास बात यह है कि इस बार पूरा चन्द्रग्रहण भारत से भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**वेधशाला में रहेगी विशेष व्यवस्था**
शासकीय जीवाजी राव वेधशाला के अधीक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि इस ग्रहण को दिखाने की विशेष तैयारी की जा रही है। यदि मौसम साफ रहा और आकाश में बादल नहीं छाए तो आमजन को टेलिस्कोप और प्रोजेक्टर की मदद से यह अद्भुत दृश्य देखने का अवसर मिलेगा।

**क्या होता है चन्द्रग्रहण**
वैज्ञानिकों के अनुसार चन्द्रग्रहण की स्थिति तब बनती है जब पृथ्वी, सूर्य और चन्द्रमा के बीच आ जाती है। इस स्थिति में पृथ्वी की छाया चन्द्रमा पर पड़ती है। जब पूरा चन्द्रमा पृथ्वी की छाया में ढक जाता है, तो इसे पूर्ण चन्द्रग्रहण कहा जाता है।

# पुलिस थाना करणी विहार ने किया वाहन चोरी मामले का पदार्फाश

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि दिनांक 24/08/2025 को परिवादी श्री कीरत सिंह पुत्र स्व. श्री उदय सिंह निवासी प्लाट नं. 149 बी लेन नम्बर 01 तीजानगर सिरसी रोड जयपुर पुलिस थाना करणी विहार जयपुर ने पुलिस थाना करणी विहार पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि "दिनांक 26/08/25 को मैं मेरी मोटरसाईकिल बजाज प्लेटिना नम्बर RJ-14-NK-0447 से किसी काम से सिरसी रोड पीएसजे ज्वैलर्स के सामने आया था। मेरी गाडी को समय 7.25 पीएम पर कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। मेरी गाडी की मैने काफी तलाश किया लेकिन नही मिली, मेरी मोटरसाईकिल तलाश करने की कृपा करें"। इस रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 485/25 धारा 303(2) बीएनएस 2023 में पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात चौरी नकबजनी के प्रकरण में माल मुल्जिमान की तलाश हेतु अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री आलोक सिंघल के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली नगर श्री आलोक कुमार गौतम के सुपरविजन में व थानाधिकारी पुलिस थाना करणी विहार श्री हवा सिंह पु.नि. के नेतृत्व में श्री आशीष कुमार हैड कानि.



405, श्री रमेश कानि. 7364, श्री टेकचंद कानि. 11415, श्री विरेन्द्र कानि. 12085 पुलिस थाना करणी विहार की विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटना स्थल व महत्वपूर्ण रास्तों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के फुटैज चैक
किये जाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई एवं आसूचना संकलित करते हुए अभियुक्त 1. सुरेश कानव पुत्र श्री श्रवण लाल कानव जाति रैगर, उम्र 22 साल निवासी गांव रशुलपुरा तहसिल फुलेरा पुलिस थाना फुलेरा जयपुर ग्रामीण हाल किरायेदार गणेश जाजोरिया का मकान गांव केशुपुरा कमला नेहरू नगर थाना भांकरोटा जयपुर 2. अजय जाजोरिया पुत्र श्री राजेश जाजोरिया जाति रैगर उम्र 20 साल निवासी रैगरों का मौहल्ला केशुपुरा कमला नेहरू नगर थाना भांकरोटा जयपुर को चिन्हित कर जुर्म स्वीकार करने पर अभियुक्तों के कब्जे से प्रकरण में चोरीशुदा मोटरसाईकिल बजाज प्लेटिना नम्बर RJ-14-NK-0447 को बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दौराने पूछताछ व अनुसंधान से सामने आया है कि अभियुक्त नशीले पदार्थों का सेवन करते है जो अपनी शौक मौज व नशे-पते के लिये दिन के समय आवासीय कॉलोनियों में घूमकर दुपहिया वाहनों की रैकी करते है तथा मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। अभियुक्त सुरेश कानव एवं अजय जाजोरिया के कब्जे से पुलिस थाना श्याम नगर एवं वैशाली नगर जयपुर से चोरी गये अन्य वाहन स्कूटी होंडा एक्टिवा व मोटरसाईकिल टी.वी.एस. स्पोर्ट्स को भी किया बरामद। अभियुक्तगणों से गहनता से अनुसंधान किया जाकर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## ऑफिस के टिफिन बॉक्स के लिए बनाएं दही वाली भिंडी मसाला, जानें रेसिपी




**अगर आप भी रोजाना इसी बात पर लंबे समय तक सोचते हैं कि कल लंच में क्या लेकर जाएं, तो यहां आपकी इस परेशान का हल मिल सकता है. आज हम आपको दही और भिंडी की सब्जी की रेसिपी बताएंगे, जिसे आप कल ऑफिस के टिफिन बॉक्स में लेकर जा सकते हैं. यह बहुत ही स्वादिष्ट है और आसानी से बनकर तैयार हो जाएगी.**

कल खाने में क्या बनाएं? इसके बारे में रोजाना ही सोचना पड़ता है. नाश्ते में तो ज्यादातर लोग पोहा और इडली जैसी कई चीजों बनाते हैं. लेकिन ऑफिस जाते समय लंच में क्या लेकर जाएं इसके बारे में बहुत सोचना पड़ता है. ऑफिस में ज्यादातर दोस्त एक साथ ग्रुप में बैठकर लंच करते हैं. ऐसे में हर कोई क्या सब्जी लंच में लेकर आया है और किसकी सब्जी सबसे ज्यादा स्वादिष्ट है, इसके ऊपर भी चर्चा हो जाती हैं. लेकिन स्वादिष्ट होने के साथ खाना हेल्दी भी होना चाहिए.

अगर आप भी रोजाना यह विचार करने में समय लगाते हैं कि कल ऑफिस जाते समय टिफिन में क्या लेकर जाएं, तो इस परेशानी का हल आपको हमारे इस आर्टिकल में मिल सकता है. हम आपको रोजाना कुछ अलग-अलग सब्जी और उसे बनाने के तरीकों के बारे में बताएंगे, जिसे आप अपने साथ ऑफिस लेकर जा सकते हैं.भिंडी की सब्जी

भिंडी की बात जब भी आती है तो ज्यादातर लोग इसे काटकर इसमें मसाले भरकर या फिर फ्राई कर ज्यादा बनाते हैं. लेकिन आप इसे थोड़े अलग तरीके से भी बना सकते हैं और ऑफिस लेकर जा सकते हैं. आप दही वाली भिंडी मसाला ट्राई कर सकते हैं. इसे बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा. शेफ रणवीर बरार ने इसे बनाने की रेसिपी शेयर की है. इसमें कई तरह पोषक तत्व पाए जाते हैं इसलिए यह हमारी सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है.दही वाली भिंडी मसाला जरूरी सामग्री

इस सब्जी को बनाने के लिए चाहिए ड्ढ किलो भिंडी, 2 हरी मिर्च, 1 टेबल स्पून देगी लाल मिर्च पाउडर, ड्ढ टेबलस्पून हल्दी और धनिया पाउडर, 1 चम्मच सरसों का तेल, नमक स्वादानुसार और 1 टमाटर, 1 कप दही और बेसन, अदरक, जीरा, सौंफ, धनिया के बीज, अदरक लहसुन का पेस्ट, ताजा मेथी के पत्ते, पानी, चीनी, किशमिश, काजू और घी इन सभी चीजों को इकट्ठा कर लें.इस तरह बनाएं

इस सब्जी को बनाने के लिए सबसे पहले तो भिंडी काट लें. इसके साथ ही अदरक, हरी मिर्च और टमाटर काट लें. इसके बाद एक बाउल में दही लें अब इसमें हल्दी पाउडर, देगी लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, स्वादानुसार नमक और बेसन मिलाएं. अब इसमें सरसों का तेल डालें और इसे अच्छे से मिक्स करें. अब इसमें हरी मिर्चा, नमक और अदरक को ग्राइंड कर लें. अब एक बाउल में लंबी कटी हुई भिंडी, लाल मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर और सरसों का तेल डालें. अब इसमें स्वादानुसार नमक डालकर मिक्स कर लें. अब एक पैन में इस डालकर फ्राई कर लें.अब दही और मसालों के पेस्ट में बेसन मिक्स करें. इसके बाद एक पैन में सरसों का तेल डालें और हल्का गर्म होने दें. अब इसमें जीरा, सौंफ और साबुत धनिया डालें. अब इसमें हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट डालें. इसके पकने के बाद इसे दही का पेस्ट मिक्स करें. ऊपर से मेथी के पत्ते डालें और पकाएं. साथ ही पानी डालें. अब भिंडी में टमाटर डालें और पकने दें. इसके बाद दही के पेस्ट में चीनी डालकर पकाएं. अब भिंडी को दही के पेस्ट में डालकर मिक्स करें. इसे कुछ समय के लिए पकाएं.

# ट्रम्प का अमेरिका भरोसेमंद नहीं, शी जिनपिंग का चीन हो सकता है और भी बुरा

**अमेरिका के साथ भारत के मौजूदा व्यापार शुल्क विवाद के बावजूद, भारत को चीन से आयात को और बढ़ाने में सावधानी बरतनी चाहिए**




अगर भारत, अमेरिका के साथ मौजूदा तनातनी के बीच चीन की चालाकी और उसकी दोस्ती के हाथ पर भरोसा करता है, तो वह एक बड़ी भूल करेगा। अमेरिका और भारत के बीच राजनीतिक विश्वास के टूटने का चीन लाभ उठाना चाहता है। हाल ही में, नई दिल्ली की यात्रा के तुरंत बादचीनी विदेश मंत्री वांग यी की इस्लामाबाद की यात्रा ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह बढ़ते चीन-पाकिस्तान संबंधों को कहीं अधिक महत्व देता है।अमेरिका के साथ भारत के मौजूदा व्यापार शुल्क विवाद के बावजूद, भारत को चीन से आयात को और बढ़ाने में सावधानी बरतनी चाहिए। भारत पहले से ही भारी व्यापार घाटे से जूझ रहा है। चीन-भारत द्विपक्षीय व्यापार एक-दूसरे की मुद्राओं में सबसे स्वागत योग्य है, जैसा कि रूस-भारत व्यापार के मामले में किया जा रहा है, जिससे रूस से भारत के तेल आयात को काफी बढ़ावा मिल रहा है। रूस-भारत व्यापार का 90 प्रतिशत से अधिक अब रूबल और रुपये में होता है, जिससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होती है और दोनों देशों की वित्तीय संप्रभुता बढ़ती है।साथ ही, भारत को उर्वरकों, दुर्लभ मृदा तत्वों और औषधि मध्यस्थों आदि का अपना उत्पादन बढ़ाना चाहिए। भारत चीन से लगभग 2,000 वस्तुओं का आयात करता है। लगभग 600 वस्तुएं ऐसी हैं जिनका दो-तिहाई से अधिक आयात चीन से होता है। भारत के चीन के साथ कई असहज मुद्दे हैं, सीमा विवाद से लेकर भारत के दो कठिन पड़ोसियों - पाकिस्तान और बांग्लादेश - के साथ चीन के मजबूत सैन्य गठबंधन तक। चीन, अमेरिका और भारत के बीच ताज़ा व्यापारिक विवाद का पूरा फ़ायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। वह अमेरिकी कार्रवाई के ख़िलाफ़ चेतावनी देकर, अमेरिका को %धौंसिया% बताकर और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के ढांचे को बनाए रखने के लिए भारत के साथ खड़ा होकर, इसे और तूल दे रहा है। चीन एशिया में अमेरिकी प्रभाव का मुक़ाबला करने के लिए भारत-अमेरिका के मौजूदा कूटनीतिक तनाव का फ़ायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। उसका लक्ष्य अमेरिका-भारत संबंधों को कमज़ोर करना, नई दिल्ली को बीजिंग के क़रीब आने के लिए मजबूर करना और क्षेत्र में चीन की अपनी रणनीतिक स्थिति को मज़बूत करना है, ख़ासकर वाशिंगटन की अप्रत्याशित विदेश नीति को लेकर साझा चिंताओं के संदर्भ में।अगर भारत, अमेरिका के साथ मौजूदा तनातनी के बीच चीन की चालाकी और उसकी दोस्ती के हाथ पर भरोसा करता है, तो वह एक बड़ी भूल करेगा। अमेरिका और भारत के बीच राजनीतिक विश्वास के टूटने का चीन लाभ उठाना चाहता है। हाल ही में, नई दिल्ली की यात्रा के तुरंत बादचीनी विदेश मंत्री वांग यी की इस्लामाबाद की यात्रा ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह बढ़ते चीन-पाकिसन संबंधों को कहीं अधिक महत्व देता है।

वांग यी की दिल्ली यात्रा के दौरान, चीन ने ताइवान मुद्दे को अपने %एक-चीन% संकल्प के रूप में भारत के साथ छल करने की कोशिश की और भारत को अपने समर्थन में खींचने की कोशिश की। पिछले हफ्ते, चीन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत के दौरान एक-चीन नीति से संबंधित कथित टिप्पणियों पर भारत द्वारा स्पष्टीकरण दिए जाने पर %आश्चर्य% व्यक्त किया। भारत ने कहा है कि ताइवान पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और ताइवान के साथ नई दिल्ली के रिश्ते आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत को चीन के नवीनतम कदमों से बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।भारत को %प्रतिद्वंद्वी% के बजाय %साझेदार% के रूप में दिखाने की कोशिश करके चीन अमेरिका-भारत व्यापार विवाद का बेतहाशा फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। उसने भारत के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं जैसे उर्वरक, दुर्लभ पृथ्वी चुम्बक और औद्योगिक उपकरणों पर निर्यात प्रतिबंधों में तुरंत ढील दी। बदलाव के तौर परचीन ने अपने देश में भारतीय निवेश का स्वागत किया है और एक %निष्पक्ष, न्यायसंगत और भेदभाव रहित व्यापार% की उम्मीद जताई है।भारत में कार्यरत चीनी उद्यमों के लिए %एक बेहतर माहौल% की आवश्यकता पर बल देते हुए, चीनी राजदूत जू ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को व्यापक संबंधों से अलग देखने की आवश्यकता पर भी बल दिया और सुझाव दिया कि सीमा मुद्दे के समाधान के साथ-साथ सहयोग भी आगे बढ़ सकता है। भारत को इन परिस्थितियों से सावधानीपूर्वक निपटना होगा और अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिका और चीन दोनों के साथ संबंधों को संभालना होगा, क्योंकि वैश्विक व्यापार परिदृश्य पर दीर्घकालिक प्रभाव अनिश्चित बना हुआ है।हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हाल ही में पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखते हुए चीन आज भारत के साथ राजनयिक संबंध सुधारने की कोशिश कर रहा है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शीजिनपिंग ने 23 अक्टूबर 2024 को रूस के कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की। सीमा मुद्दों को व्यापक रूप से सुलझाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को स्थिर करने के लिए कदम उठाने हेतु महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकों के लिए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी यात्राएं की हैं।

फिर भी, भारत के साथ व्यवहार करने के दृष्टिकोण में चीन के सुविचारित बदलाव, विशेष रूप से अमेरिका-भारत व्यापार विवाद के बाद, के प्रतिभारत के लोगों को चीन के इरादों को लेकर कुछ हद तक संशय है, खासकर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी के उद्गम पर एक विशाल बांध बनाने जैसी बीजिंग की कई गतिविधियों को लेकर, जो भारत में प्रवेश करने से पहले चीन से होकर आता है जिसके प्रवाह को चीन नियंत्रित करेगा। पाकिस्तान में मसूद अजहर जैसे आतंकवादी नेताओं को वहां इस्लामी नेटवर्क का समर्थन करने के लिए चीन संरक्षण देता रहा है। अब डर है कि बीजिंग चुपचाप बांग्लादेश में भी कट्टरपंथियों को बढ़ावा दे सकता है। ऐसी गतिविधियां भारत की आर्थिक जीवनरेखा और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करती हैं। भारत को व्यापारिक और कूटनीतिक विकल्पों का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिए।

संपादकीय

## नस्लभेदी नजरिया

यूं तो जब से अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आए हैं विदेशियों, खासकर भारतीयों के खिलाफ अमेरिका में नस्लभेदी नजरिया लगातार अपनाया जा रहा है। पहले आप्रवासी भारतीय कामगारों के खिलाफ कथित अवैध आव्रजन का आरोप लगाकर उन्हें अपमानित करके अमेरिका से निकाला गया। यहां तक कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार करके उत्पीड़न किया गया। उन्हें हथकड़ियां तक लगाई गई। कभी आदर्श लोकतंत्र व उच्च मानवीय मूल्यों का दंभ भरने वाला अमेरिका आज ट्रंप की नस्लवादी नीतियों से अपनी प्रतिष्ठा खो बैठा है। पिछले दिनों ट्रंप ने आईटी उद्योग व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के शीर्ष पदों पर बैठे भारतीयों को हटाने तक की बात कही थी। तंग नजरिये के राष्ट्रवाद के प्रचार से सत्ता में आए ट्रंप लगातार भारत विरोधी नजरिया अपनाए हुए हैं। अतार्किक टैरिफ उसकी गवाही देते हैं। अब नया मुद्दा अमेरिका को खून-पसीने से सींचने वाले पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ गया। परदेस गए करीब डेढ़ लाख ट्रक ड्राइवरों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। दरअसल, अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में पिछले दिनों एक भारतीय ट्रक चालक द्वारा गलत टर्न लेने से तीन अमेरिकी नागरिकों की मौत को बड़ा मुद्दा बना दिया गया है। उसके बाद अमेरिका में ट्रक चलाने वाले विदेशी चालकों को निशाने पर लिया जा रहा है। दलील दी जा रही है कि अमेरिका में लगातार बढ़ते विदेशी ट्रक चालकों की वजह से अमेरिकी नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ गया है। जिसके चलते विदेशी ट्रक चालकों के वर्क वीजा और कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर रोक लगा दी गई है। जिसके चलते पंजाब से अमेरिका गए करीब डेढ़ लाख पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की जीविका पर संकट पैदा हो गया है। दरअसल, दमखम रखने वाले पंजाबी गबरुओं का सपना रहा है कि अमेरिका में भारी-भरकम कमर्शियल वाहन चलाएं। वे भारत में प्रशिक्षण लेकर किसी भी देश का वीजा हासिल करके बाद में अमेरिका चले जाते हैं। वे महीने में पांच से छह सौ किलोमीटर ट्रक चलाकर



पांच-छह लाख तक कमा लेते हैं।

नस्लीय नजरिये से ग्रस्त ट्रंप शासन-प्रशासन यह नहीं देख रहा है कि इन ट्रक चालकों ने अमेरिका की समृद्धि में कितना योगदान दिया। इन हृष्ट-पुष्ट पंजाबी गबरुओं का विकल्प तलाशने में अमेरिका को भी खासी परेशानी होगी। वजह यह भी है कि अमेरिका मूल के लोग प्रवासियों की तुलना में भारी-भरकम मेहनताना मांगते हैं। अमेरिका के पास इतनी श्रमशक्ति नहीं है कि वह पंजाबी ट्रक चालकों का सहज विकल्प तलाश सके। लेकिन हकीकत को नजरअंदाज करके भारतीय चालकों को निशाना बनाया जा रहा है। इससे पहले ट्रक चालकों को इस बात को लेकर निशाना बनाया गया कि वे धाराप्रवाह अंग्रेजी नहीं बोल सकते। अंग्रेजी की अनिवार्यता के बाद करीब ढाई हजार लाइसेंस निलंबित किए गए। जाहिर, उनके परिवारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। दलील दी जा रही है कि अमेरिका फर्स्ट की नीति के तहत विदेशी ट्रक चालकों के लिये अंग्रेजी भाषा में दक्षता अनिवार्य है। इतना ही नहीं लाइसेंस जारी करने वाले उन ट्रेनिंग स्कूलों को भी निशाने पर लिया जा रहा है जो कम समय में लाइसेंस जारी कर देते हैं। जैसा कि अपेक्षित था पंजाब की राजनीति में यह मुद्दा जोरशोर से उछलने लगा है। आम आदमी पार्टी, अकाली दल और कांग्रेस के नेताओं ने इस मुद्दे पर विदेश मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनकी मांग है कि प्रवासी भारतीय ड्राइवरों की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए।

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए

**सुप्रीम कोर्ट ने इसी महीने की आठ तारीख (8 अगस्त) को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि वह एक %धूर्त% की तरह काम करने के बजाय कानून के दायरे में रह कर काम करे**



आज अगर देश में यह धारणा होती कि संवैधानिक व्यवस्था सामान्य ढंग से काम कर रही है और कानून लागू करने वाली एजेंसियां निष्पक्षता से ठोस तथ्यों के आधार पर कदम उठाती है, तो प्रस्तावित नए कानून को एक स्वस्थ पहल माना जाता। दुर्भाग्य से आज धारणाएं उसके उलट हैं। जो धारणा व्यापक तौर पर प्रचलित है, वह यह कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां राजनेताओं के दल और उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता को देखकर उनके अपराध तय करती हैं। ऐसे में प्रस्तावित कानून पर विपक्षी खेमों में और आम लोगों में भी आशंका पैदा होना स्वाभाविक है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसी महीने की आठ तारीख (8 अगस्त) को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि वह एक %धूर्त% की तरह काम करने के बजाय कानून के दायरे में रह कर काम करे। इससे पहले 21 जुलाई, 2025 को भी शीर्ष अदालत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने ईडी के बहाने केंद्र सरकार को नसीहत देते हुए कहा था कि, %राजनीतिक लड़ाइयां अदालत में नहीं बल्कि जनता के बीच लड़ी जानी चाहिए।% उससे भी पहले 6 मई, 2025 को शीर्ष अदालत ने दो टूक कहा था कि ईडी ने बिना सबूत के आरोप लगाने का %पैटर्न% अपना लिया है। कोर्ट ने इस प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा था कि कई मामलों में ईडी बिना पर्याप्त सबूतों के आरोप लगाती है। इसी साल फरवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्यप्रणाली को %संवैधानिक प्रावधानों के प्रति असम्मान% करार देते हुए कहा था कि वह %कानून के विपरीत दलीलें देने% को बर्दाश्त नहीं करेगा। इससे कुछ ही दिनों पहले 21 जनवरी, 2025 को उच्चतम न्यायालय ने ईडी की हिरासत प्रक्रिया को अवैध ठहराया था और इसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए आरोपी को जमानत दे दी थी।ललित सुरजन की कलम से - क्या तिलिस्म टूट रहा है?

पिछले सात-आठ महीने के दौरान देश की सबसे बड़ी अदालत की ओर से की गई ये सभी टिप्पणियां इस आम धारणा को पुख्ता करती हैं कि ईडी की कार्रवाइयां राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित होती हैं। केंद्र सरकार की ही एक अन्य एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई भी अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न राज्यों के हाई कोर्ट से इसी तरह की सख्त टिप्पणियां अक्सर सुनती रहती हैं। इसके बावजूद अब केंद्र सरकार इन्हीं एजेंसियों को यह अधिकार देने वाला कानून बनाना चाहती है कि वे जब चाहे किसी भी निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री या मंत्री का क्रियाकर्म कर दे। यह नए मिजाज का लोकतंत्र विकसित हो रहा है-पुलिसिया लोकतंत्र।किश्तों में संविधान बदलने का खेल

इस सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नैतिकता और सुशासन का ढोल पीटते हुए संसद के मानसून सत्र के अंतिम चरण में 20 अगस्त को आनन-फानन में तीन विधेयक संसद में पेश किए, जो अगर पारित हो गए तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा। हालांकि इस प्रस्तावित कानून के दायरे में प्रधानमंत्री को रखने का कोई मतलब नहीं है। यह प्रावधान एक हास्यास्पद पाखंड है, क्योंकि सब जानते हैं कि भारत जैसे देश में जहां बैंक से ठगी करने वाले किसी रसूखदार कारोबारी या सत्तारूढ़ दल या उसके समर्थक किसी धार्मिक मठ से जुड़े किसी बलात्कारी के खिलाफ तक आसानी से एफआईआर दर्ज नहीं होती है, वहां किसकी हिम्मत होगी कि वह प्रधानमंत्री के खिलाफ किसी मामले में एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेज दे? ऐसा होना संभव ही नहीं है।

आज अगर देश में यह धारणा होती कि संवैधानिक व्यवस्था सामान्य ढंग से काम कर रही है और कानून लागू करने वाली एजेंसियां निष्पक्षता से ठोस तथ्यों के आधार पर कदम उठाती है, तो प्रस्तावित नए कानून को एक स्वस्थ पहल माना जाता। दुर्भाग्य से आज धारणाएं उसके उलट हैं। जो धारणा व्यापक तौर पर प्रचलित है, वह यह कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां राजनेताओं के दल और उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता को देखकर उनके अपराध तय करती हैं। ऐसे में प्रस्तावित कानून पर विपक्षी खेमों में और आम लोगों में भी आशंका पैदा होना स्वाभाविक है।

चूंकि इस प्रस्तावित कानून पर केंद्र ने विपक्ष से कोई संवाद नहीं किया है और संसद का सत्र समाप्त होने से महज एक दिन पहले गृह मंत्री ने संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किए बगैर ये विधेयक पेश किए हैं, लिहाजा सरकार की नियत पर सवालों का उठना और प्रस्तावित कानून को नैतिकता और सुशासन के आवरण में सत्ता के केंद्रीयकरण की एक शैतानियत भरी खूंखार कोशिश के रूप में देखा जाना लाजिमी है।गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि ये विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान और राजनीति के शुद्धिकरण के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका यह दावा सरासर हास्यास्पद है, क्योंकि मोदी को और उनकी सरकार को अगर भ्रष्टाचार से वाकई परहेज होता तो वे इस पहलकदमी के लिए 11 साल का इंतजार नहीं करते। वे तो यह गर्जना करते हुए ही सत्ता में आए थे कि, %%न खाऊंगा और न खाने दूंगा%%। देश ने तो यही देखा है कि उनकी सरकार ने अरबों रुपये के घोटालों में फंसे हेमंत बिस्व सरमा, एकनाथ शिंदे, चंद्रबाबू नायडू, अजीत पवार, नारायण राणे, अशोक चह्वाण, एचडी कुमार स्वामी, सुवेंदु अधिकारी जैसे अनगिनत नेताओं के खिलाफ मामले सिर्फ इसलिए रफा-दफा कर दिए कि इन लोगों ने भाजपा में शामिल होना या सत्ता में उसका सहयोगी बनना कुबूल कर लिया। भाजपा के शिवराज सिंह और रमन सिंह जैसे कई नेताओं पर अरबों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप हैं लेकिन आज तक उनके खिलाफ कार्रवाई तो दूर, जांच तक नहीं हुई है।

नियमानुसार सदन में कोई भी विधेयक पेश होता है तो सदस्यों को उस विधेयक की प्रति 24 घंटे पहले उपलब्ध करानी होती है, ताकि वे विधेयक पर चर्चा के लिए तैयारी करके सदन में आएं, लेकिन ये विधेयक पेश हुए 20 अगस्त को सुबह और इन विधेयकों की प्रतियां सांसदों के पास भेजी गई 19 अगस्त की देर शाम को। लोकसभा सचिवालय को भी इन विधेयकों के बारे में 19 जनवरी की शाम को सूचित किया गया और इन विधेयकों को पेश करने के लिए विशेष अनुमति मांगी गई, जो कि मिलनी ही थी।बहरहाल एक प्रस्ताव के जरिये इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया है, जो इन विधेयकों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट संसद के शीतकालीन सत्र में पेश करेगी। हालांकि इसके बाद भी इन विधेयकों का पारित होना आसान नहीं है, क्योंकि इन्हें संसद में दो तिहाई बहुमत से पारित कराना होगा, जो कि मौजूदा स्थिति में बेहद मुश्किल है। मोदी सरकार अभी सहयोगी दलों के समर्थन पर टिकी हुई है और लगता नहीं कि सारे सहयोगी दल खास कर तेलुगू देशम और जनता दल (यू) इन विधेयकों का समर्थन कर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा काम करेंगे, क्योंकि ये विधेयक कानून का रूप लेने के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों के लिए तलवार बनेगा, बल्कि यह भाजपा के लिए अपने सहयोगी दलों को भी ब्लैकमेल करने का हथियार बन जाएगा। फिर भी अगर किसी तरह सरकार संसद में इन विधेयकों को पारित करा लेती है तो उसके लिए अगली बड़ी चुनौती होगी कम से कम 15 राज्यों की विधानसभा में इन्हें पारित कराना, जो कि आसान नहीं लगता।

## पाकिस्तान में करतारपुर कॉरिडोर जलमग्न, गुरुद्वारा दरबार साहिब बाढ़ से घिरा, 300 लोग फंसे

एजेंसी

**नारोवाल (पंजाब)।** पाकिस्तान में रावी नदी के उफान पर आने से पंजाब प्रांत का नारोवाल जिला बाढ़ से घिर गया है। करतारपुर कॉरिडोर के जलमग्न हो जाने से बुधवार सुबह लगभग 300 लोग फंस गए। करतारपुर गुरुद्वारा दरबार साहिब तो पूरी तरह जलमग्न हो गया है। फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए सेना को बुलाया गया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सेना को पंजाब प्रांत के बाढ़ प्रभावित छह जिलों में तैनात किया गया है। बाढ़ प्रभावित जिलों में नारोवाल प्रमुख है। रावी नदी का पानी गुरुद्वारा दरबार साहिब तक पहुंच गया है। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बाढ़ का पानी गुरुद्वारा साहिब परिसर में घुस गया है। परिसर के कुछ हिस्सों में पानी का स्तर लगभग तीन फीट तक पहुंच गया है। बाढ़ के कारण गुरुद्वारा प्रांगण और मुख्य सीढ़ियां डूब गई हैं। तीर्थयात्री वहीं फंसे हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल निकासी और सफाई कार्य पूरा होने के बाद ही गुरुद्वारा साहिब के दर्शन शुरू हो पाएंगे। पंजाब के अधिकारियों के अनुसार, लाहौर, फैसलाबाद, ओकारा, कसूर, सियालकोट और नरोवाल जिले में बचाव और राहत कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। सतलुज नदी के किनारे कसूर और गंदा सिंह वाला सहित कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।

## बांग्लादेश में पुलिस का प्रदर्शनकारी इंजीनियरिंग छात्रों पर लाठीचार्ज, कम से कम 10 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर देशभर के इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों के प्रदर्शनकारी छात्रों को पुलिस ने बलपूर्वक मुख्य सलाहकार के आवास राज्य अतिथिगृह यमुना की तरफ बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने इसके लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की। आखिर में लाठीचार्च कर उन्हें तितर-बितर करने की कोशिश की। पुलिस लाठीचार्च में कम से कम 10 व्यक्ति घायल हो गए। द डेली स्टार और ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार इस प्रदर्शन में बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (बीयूईटी) और अन्य इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। छात्रों ने आज सुबह अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर ढाका में शाहबाग चौराहे को जाम लगा दिया। यहां से छात्र दोपहर करीब एक बजे राज्य अतिथिगृह यमुना की ओर बढ़े। पुलिस ने दोपहर करीब डेढ़ बजे बैरिकेड लगाकर जुलूस को इंटरकॉन्टिनेंटल होटल के पास रोक लिया। पुलिस के अनुसार छात्रों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, इसलिए उन्हें तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया गया। इसके बाद छात्र होटल के सामने बैठ गए, तो पुलिस ने पानी की बौछार शुरू कर दी।

## पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश का कहर, अब तक 802 लोगों की मौत, 1,000 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद ।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 26 जून से अब तक पाकिस्तान में लगातार मानसूनी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 802 लोगों की जान चली गई है। वहीं, 1,088 अन्य घायल हो गए हैं। खराब मौसम ने बड़े स्तर पर तबाही मचाई है। घरों में पानी भर गया है, जिससे हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है और पूरे देश में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों पर दबाव पड़ा है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां सबसे अधिक 479 लोगों की मौत हुई है। यहां पर 347 लोग घायल हुए हैं। वहीं, पंजाब में 165 लोग मारे गए और 584 घायल हुए, इसके बाद सिंध में 57 लोग मारे गए और 75 घायल हुए, जबकि बलूचिस्तान में 24 लोगों की मौत हुई और 5 लोग घायल हुए। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 45 लोग मारे गए या घायल हुए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 24 लोगों की मौत हुई और 29 लोग घायल हुए। इसके अलावा, इस्लामाबाद में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 8 लोगों की मौत हुई और 3 घायल हुए।

## श्रीलंका में स्कूल वैन दुर्घटना में दो छात्रों की मौत, 13 घायल

**कोलंबो।** श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी प्रांत के कुलियापिटिया में एक स्कूल वैन और एक टिपर ट्रक की टक्कर में दो स्कूली छात्रों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए 13 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में वैन का चालक भी शामिल है। सूत्रों ने बताया कि मामले की जाँच जारी है। गौरतलब है कि श्रीलंका में लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है और वर्ष 2024 में 2,541 लोगों की मौत हो गयी थी।



## इजराइली हमले में हमास के तकनीकी विशेषज्ञ महमूद अल-असवाद को मारे जाने का दावा

एजेंसी

**गाजा पट्टी।** इजराइली सेना ने गाजा में ताजा हमले में आतंकवादी समूह हमास का तकनीकी विशेषज्ञ महमूद अल-असवाद के मारे जाने का दावा किया है। इस हमले में पांच अन्य लोगों के भी मारे जाने की खबर है। इनमें गाजा पट्टी में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय एथलीट आलम अब्दुल्ला अल-अमौर और चार फिलिस्तीनी नागरिक शामिल हैं। इससे पहले इजराइल के एक अन्य हमले में गाजा के प्रसिद्ध पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुलेमान अल-ओबेद की भी जान चुकी है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के एक्स हैंडल, फिलिस्तीन की समाचार एजेंसी वफा, अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबरों में यह जानकारी दी गई है। आईडीएफ के अनुसार, मारा गया महमूद अल-असवाद पश्चिमी गाजा क्षेत्र में हमास



के सामान्य सुरक्षा तंत्र की कमान संभालता था। वह हमास का तकनीकी विशेषज्ञ था।

इसके अलावा दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के दक्षिण-पश्चिम में अल-टीना सहायता केंद्र के पास इजराइली सेना की गोलीबारी में सहायता की प्रतीक्षा कर रहे चार फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए। इजराइली तोपखाने से उत्तर में जबालिया अल-नजला के दक्षिणी इलाकों में आवासीय इमारतों पर गोलाबारी जारी है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने मध्य गाजा पट्टी में अल-नुसेरात शरणार्थी शिविर के पश्चिम में अल-सवाराह क्षेत्र में कृषि भूमि पर दो हवाई हमले किए। खान यूनिस में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के सहायता वितरण केंद्र के पास आईडीएफ की गोलीबारी में गाजा के एथलीट आलम अब्दुल्ला अल-अमौर की जान चली गई। इस पर इजराइली रक्षा बलों ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। तीन हफ्ते पहले ऐसे ही एक हमले में गाजा के प्रसिद्ध पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुलेमान अल-ओबेद की जान चली गई थी।

## मिनियापोलिस के कैथोलिक स्कूल में गोलीबारी, 3 की मौत, 20 घायल

एजेंसी

**मिनियापोलिस।** अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में एक कैथोलिक स्कूल में हुई भीषण गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर भी मारे गए लोगों में शामिल हैं। यह घटना एनुंसिएशन कैथोलिक स्कूल (nnunciation Catholic School) में हुई, जो लगभग 395 छात्रों वाला एक निजी प्राथमिक विद्यालय है। गोलीबारी उस समय शुरू हुई जब छात्र सुबह की प्रार्थना में शामिल थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हमलावर काले कपड़ों में और राइफल से लैस था। मिनियापोलिस पुलिस ने बताया कि स्थिति काबू में है और अब कोई सक्रिय खतरा नहीं है। एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी मौके पर मौजूद हैं। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज़ ने घटना को 'भयानक हिंसक कृत्य' बताया।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने दी प्रतिक्रिया**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि 'मैं इस दुखद घटना पर पूरी तरह से अवगत हूं। एफबीआई ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और वे घटनास्थल पर हैं। व्हाइट हाउस इस भयावह स्थिति पर नजर रखेगा। कृपया मेरे साथ मिलकर इसमें शामिल सभी लोगों के लिए प्रार्थना करें। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि एनुंसिएशन कैथोलिक स्कूल में गोलीबारी हुई। मिनियापोलिस शहर के अधिकारियों के अनुसार, हमलावर को नियंत्रित कर लिया गया है और निवासियों के लिए कोई सक्रिय खतरा नहीं है।

## मोल्दोवा की राष्ट्रपति का संदेश- 'मोल्दोवा का फैसला सिर्फ मोल्दोवावासी करेंगे'

एजेंसी

**किशिनाउ।** मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया सांडू ने देश की स्वतंत्रता की 34वीं वर्षगांठ पर एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि मोल्दोवा का भविष्य सिर्फ मोल्दोवावासी तय करेंगे। यह बयान उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की मौजूदगी में दिया। इन तीनों यूरोपीय नेताओं ने मोल्दोवा के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेकर देश के यूरोपीय संघ में शामिल होने के प्रयासों के प्रति समर्थन जताया। राष्ट्रपति सांडू ने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होना कोई दूर का सपना नहीं बल्कि एक प्रोजेक्ट है जिस पर हम काम कर रहे हैं। बिना ईयू के मोल्दोवा अतीत में फंसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप और मोल्दोवा के बीच फिर कभी दूरी नहीं आनी चाहिए। सांडू ने अपने भाषण में रूस की कथित गतिविधियों का भी जिक्र किया,



जिनमें चुनावों में हस्तक्षेप, दुष्प्रचार अभियान, विदेशी फंडिंग से विरोध प्रदर्शन और अन्य प्रयास शामिल हैं, जिनका उद्देश्य मोल्दोवा की ईयू सदस्यता की राह में बाधा डालना है। चुनाव से पहले सांडू ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारा भविष्य सुरक्षित तभी होगा जब हम उसकी रक्षा करेंगे। मोल्दोवा का फैसला सिर्फ मोल्दोवावासी करेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब देश में महत्वपूर्ण चुनाव होने वाले हैं, जो यह तय करेंगे कि मोल्दोवा यूरोप की राह पर आगे बढ़ता है या नहीं।

## नेपाल में फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया एप को सात दिनों का अल्टीमेटम

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को निर्देश दिया है कि वे सात दिनों के भीतर देश में रजिस्टर्ड करें अन्यथा उनकी सेवाएं रोक दी जाएगी। सरकार की तरफ से फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप आदि सोशल मीडिया साइट्स को नेपाल में पंजीकरण के लिए बार-बार आग्रह करने के बाद भी यहां रजिस्टर्ड नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इन सोशल मीडिया साइट्स को अंतिम बार सात दिनों का समय देने का फैसला किया गया। कैबिनेट के इस निर्णय के बारे में सरकार के प्रवक्ता और संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने बताया कि बार बार आग्रह करने के बाद भी इसकी अनदेखी करने के कारण सरकार को कड़े कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को निर्धारित समय के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन का काम पूरा




करना होगा। गुरुंग ने बताया कि अनुपालन में विफल रहने वाले प्लेटफार्मों को नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण द्वारा देश के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया जाएगा। सोशल मीडिया प्रबंधन दिशा-निर्देशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत जारी किए गए निर्देश में सभी सोशल मीडिया ऑपरेटरों को जवाबदेह और जिम्मेदार होने की बात कही गई है। प्लेटफ़ॉर्म के पास संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सार्वजनिक रूप से रजिस्ट्रेशन करने के लिए सात दिन हैं। सूचना मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने कहा कि यह आखिरी मौका दिया गया है यदि इन सात दिनों के भीतर जिन सोशल मीडिया एप ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उसके बाद वह नेपाल में निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

## ओली सरकार के संसद में विश्वास मत नहीं लिए जाने संबंधी रिट पर कोर्ट ने सभी दस्तावेज मंगवाए

एजेंसी

**काठमांडू।** सरकार को समर्थन दे रहे और सरकार में सहभागी एक दल के द्वारा प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद संवैधानिक प्रावधानों के तहत 30 दिन के भीतर संसद में विश्वास का मत नहीं लेने संबंधी एक रिट पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित सभी दस्तावेज जमा करने का आदेश दिया है।

सरकार में सहभागी नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के द्वारा ओली सरकार को दिए जा रहे समर्थन को वापस लेने के बाद 30 दिन के भीतर प्रधानमंत्री द्वारा संसद में विश्वास का मत नहीं लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर की गई थी। हालांकि 45 दिन के बाद इस पार्टी के तरफ से स्पीकर देवराज घिमिरे को समर्थन जारी रखने का पत्र दुबारा दिया गया। लेकिन नेपाल के संविधान में इस अवस्था में 30 दिन के भीतर ही प्रतिनिधि सभा में विश्वास का मत लेने का अनिवार्य प्रावधान है। इस




रिट याचिका के संबंध में दस्तावेज जमा करने का आदेश देते हुए कोर्ट ने नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के द्वारा समर्थन वापस लेने, उनके मंत्री द्वारा इस्तीफा देने और दुबारा समर्थन देने संबंधी सभी दस्तावेज कोर्ट में जमा करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वीरेंद्र केसी द्वारा दायर रिट याचिका पर यह दूसरी सुनवाई थी। न्यायमूर्ति महेश शर्मा पौडेल और न्यायमूर्ति नृपढ्वाज निरौला की पीठ ने संसद सचिवालय को निर्देश दिया कि वह नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के द्वारा स्पीकर को सौंप गए सभी पत्र जमा करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया है कि वह नागरिक उनमुक्ति पार्टी के भीतर वैधता और नेतृत्व विवाद के बारे में जो भी विवरण है उसे कोर्ट के जमा करे। याचिकाकर्ता का दावा है कि ओली सरकार से समर्थन वापस लेने का निर्णय पार्टी की संसदीय दल की बैठक से किया गया है जबकि दुबारा समर्थन देने का पत्र पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ के तरफ से बिना पार्टी की बैठक के ही दिया गया है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सरकार में नागरिक उन्मुक्ति पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री अरुण कुमार चौधरी का आधिकारिक इस्तीफा पत्र प्रस्तुत किया जाए। सरकार से समर्थन वापसी के साथ ही चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन अभी तक प्रधानमंत्री के तरफ से उसे स्वीकृत नहीं किया गया है।

## अमेरिकी अदालत ने किल्मार अब्रेगो गार्सिया के निर्वासन पर लगाई रोक, 6 अक्टूबर को होगी सुनवाई

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने किल्मार अब्रेगो गार्सिया को देश से फिलहाल निर्वासित करने पर रोक लगा दी है। मैरीलैंड की जिला न्यायाधीश पाउला जिनिस ने आदेश जारी करते हुए कहा कि गार्सिया को 06 अक्टूबर को निर्धारित सुनवाई तक देश से बाहर नहीं भेजा जा सकता।

गार्सिया को वर्तमान में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) के एक डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उनकी कानूनी टीम का कहना है कि गार्सिया अमेरिका में शरण लेना चाहते हैं, क्योंकि यदि उन्हें युगांडा भेजा गया तो वहां उन्हें यातना और उत्पीड़न का खतरा है। 30 वर्षीय एल सल्वाडोर के नागरिक गार्सिया को हाल ही में टेनेसी की एक जेल से रिहा होने के बाद बाल्टीमोर में गिरफ्तार किया गया था। प्रशासन का दावा है कि गार्सिया कुख्यात एमएस-13 गैंग



से जुड़ा हुआ है, हालांकि गार्सिया ने इन आरोपों को खारिज किया है।गार्सिया ने इमिग्रेशन अधिकारियों से यह भी कहा है कि अगर उसे अमेरिका से बाहर भेजना ही पड़ा, तो वह कोस्टा रिका जाना पसंद करेगा।

## प्रधानमंत्री ओली के पांच दिवसीय चीन भ्रमण की आधिकारिक घोषणा, मोदी और जिनपिंग से होगी मुलाकात

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 30 अगस्त को पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए चीन रवाना होने वाले हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने इसकी औपचारिक घोषणा की। चौथी बार सत्ता संभालने के बाद यह उनकी दूसरी चीन यात्रा है।

विदेश मंत्रालय के तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस यात्रा में तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन 2025 में उनकी भागीदारी के साथ-साथ बीजिंग में जापान के आक्रमण के खिलाफ चीनी पीपुल्स वॉर ऑफ रेसिस्टेंस की विजय की 80वीं वर्षगांठ और विश्व फासीवादी विरोधी युद्ध के अवसर पर स्मारक कार्यक्रम शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस भ्रमण के



दौरान उनकी मुलाकात चीन के राष्ट्रपति सी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी साइडलाइन मुलाकात तय है। जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकात बीजिंग में होगी जबकि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ वो तियांजिंग में ही मिलने वाले हैं।

विदेश मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री ओली तियांजिंग में आयोजित एससीओ प्लस के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले हैं। शिखर सम्मेलन से इतर, नेपाली प्रधानमंत्री बीजिंग में आयोजित कार्यक्रम में सहभागी होने वाले हैं जिसमें कई विश्व नेताओं के साथ बैठकें भी करेंगे। बीजिंग में ओली 02 सितंबर को चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलने वाले हैं। अगले दिन, वह चीनी सरकार द्वारा आयोजित आधिकारिक वर्षगांठ कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल में शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री रघुजी पंत, संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडे, संसद सदस्य पूर्ण बहादुर खडका, प्रधानमंत्री के आर्थिक और विकास सलाहकार डॉ. युवराज खतिवडा, संसद सदस्य छविलाल विश्वकर्मा के साथ वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। एस सी ओ में नेपाल डायलग पार्टनर के रूप में सहभागी होने जा रहा है। इस क्षेत्रीय संगठन में नेपाल सहित 14 देश हैं जबकि भारत चीन, रुस, पाकिस्तान सहित 10 देश हैं जबकि अफगानिस्तान और मंगोलिया इसमें पर्यवेक्षक देश के रूप में सहभागी होने वाले हैं। ओली और उनकी टीम को यात्रा समाप्त करने के बाद 3 सितंबर को वापस लौटना है।

## रूस में व्लादिमीर के मेयर दिमित्री नौमोव धोखाधड़ी के संदेह में गिरफ्तार

एजेंसी

**मॉस्को (रूस)।** कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने मध्य रूस के व्लादिमीर शहर के मेयर दिमित्री नौमोव को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी धोखाधड़ी के संदेह और अन्य आरोपों में की गई है। हालांकि नौमोव की गिरफ्तारी या उनके खिलाफ किसी भी आरोप की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। द मॉस्को टाइम्स अखबार की खबर में क्रेमलिन समर्थक अखबार आर्गुमेंटी आई फैक्टरी के हवाले से कहा गया कि संघीय सुरक्षा सेवा के एजेंटों ने मेयर दिमित्री नौमोव के कार्यालय का दरवाजा खुलने का इंतजार किया। कुछ देर इंतजार करने के बाद दरवाजा तोड़ दिया गया। एक कानून प्रवर्तन सूत्र ने बाद में सरकारी समाचार एजेंसी तास को बताया कि सत्तारूढ़ यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य दिमित्री नौमोव पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का संदेह है। सूत्र ने इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी।

इस बीच, स्थानीय प्रसारक जेबरा टीवी ने संकेत दिया कि नौमोव की गिरफ्तारी का संबंध एक कथित संगठित अपराध समूह से हो सकता है। इस समूह को कब्रिस्तान माफिया कहा जाता है। बताया गया है कि इसी साल मई में मेयर नौमोव ने अंतिम संस्कार सेवाओं से संबंद्ध दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया था। इसके



बाद व्लादिमीर क्षेत्र में अंतिम संस्कार का शुल्क बढ़ाने के संदेह में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल नौमोव की गिरफ्तारी या उनके खिलाफ किसी भी आरोप की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उनकी गिरफ्तारी व्लादिमीर में नगर परिषद चुनाव से तीन हफ्ते से भी कम समय पहले की गई है। नौमोव को नवंबर, 2022 में मेयर नियुक्त किया गया था।

## ईरान ने यहूदी विरोधी हमलों पर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को खारिज किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने ऑस्ट्रेलिया के उन आरोपों को खारिज कर दिया है जिनमें कहा गया था कि देश में हुए दो यहूदी विरोधी हमलों के पीछे उसका हाथ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने यहां एक साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के उन दावों का खंडन किया कि पिछले अक्टूबर में सिडनी में एक कोशर कैफ़े में आग लगने और पिछले दिसंबर में मेलबर्न में एक यहूदी प्रार्थनास्थल पर हुई बड़ी आगजनी के पीछे ईरान का हाथ था। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा ईरानी राजदूत अहमद सादेघी को निष्कासित करने के फैसले पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की करते हुए कहा ÷ यह एक नया घटनाक्रम है। मेरे सहयोगी इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं ताकि ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्णय लिया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि पिछले दो हफ़्तों में, हमने क़ब्ज़े वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों में लोगों की हत्या के विरोध में ऑस्ट्रेलिया में लाखों लोगों के प्रदर्शन देखे हैं,। ऑस्ट्रेलिया के कुछ राजनेताओं ने भी एक दुर्लभ कदम उठाते हुए इज़राइल की कार्रवाइयों की हल्की-फुल्की आलोचना की है। अल्बानीज़ ने घोषणा की थी कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है और तेहरान स्थित अपने दूतावास का संचालन अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है।

## एचडी हुंडई हेवी इंडस्ट्रीज और एचडी हुंडई मिपो का जहाज निर्माण कंपनी एचडी केएसओई में हुआ विलय

एजेंसी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** एचडी हुंडई के जहाज निर्माण व्यवसाय की देखरेख करने वाली मध्यवर्ती होल्डिंग कंपनी एचडी कोरिया शिपबिल्डिंग एंड ऑफशोर इंजीनियरिंग (एचडी केएसओई) ने एचडी हुंडई हेवी इंडस्ट्रीज (एचएचआई) और एचडी हुंडई मिपो के विलय की योजना की घोषणा की। यह कदम अमेरिका के साथ बढ़ते जहाज निर्माण सहयोग के बीच प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने के लिए उठाया गया है। उलसान स्थित दो जहाज निर्माण सहायक कंपनियों का विलय पूरा होने के बाद एकीकृत इकाई एचडी एचएचआई के रूप में काम करेगी। द कोरिया टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, चीन और जापान में प्रमुख जहाज निर्माण कंपनियों के हालिया विलय का हवाला देते हुए एचडी केएसओई ने कहा कि यह एकीकरण विशेष रूप से नौसैनिक पोत बाजार में कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। एचडी एचएचआई के विपरीत, जिसका युद्धपोतों के निर्माण और निर्यात में एक अच्छा रिकॉर्ड है, एचडी हुंडई मिपो के पास नौसैनिक जहाजों के निर्माण का लाइसेंस नहीं है, हालांकि, उसके पास युद्धपोत निर्माण के लिए उपयुक्त सुविधाएं मौजूद हैं। ब्रिटिश रक्षा उद्योग की पत्रिका जेन्स के अनुसार अगले 10 वर्षों में दुनिया भर में नौसैनिक जहाजों के लिए कुल 2,100 नए अनुबंध होने की उम्मीद है, जिनका कुल मूल्य 360 अरब डॉलर होगा। एचडी केएसओई ने कहा कि




एकीकृत एचडी एचएचआई का लक्ष्य 2035 तक रक्षा क्षेत्र से 10 ट्रिलियन वॉन (7.1 अरब डॉलर) का वार्षिक राजस्व उत्पन्न करना है। आर्कटिक शिपिंग मार्गों की बढ़ती मांग को देखते हुए, नई इकाई आइसब्रेकर सहित विशेष-उद्देश्य वाले जहाजों के बाजार में अपनी हिस्सेदारी का विस्तार करना चाहती है। एचडी केएसओई के एक अधिकारी ने कहा, विलय के साथ हम अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाएंगे और उन्नत तकनीकें हासिल करेंगे। विलय योजना के अतिरिक्त एचडी केएसओई ने एक निवेश फर्म की स्थापना की योजना की घोषणा की, जो वियतनाम और फिलीपींस सहित एचडी हुंडई के विदेशी परिचालनों की देखरेख के लिए जिम्मेदार होगी। यह नई कंपनी दिसंबर में सिंगापुर में स्थापित की जाएगी, ताकि थोक जहाज और टैंकर बाजारों में चीनी प्रतिस्पर्धियों से चुनौतियों का समाधान किया जा सके और विदेशी व्यापार के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके।